आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 133 | हापुड़, गुरुवार 28 नवम्बर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## संभल के पत्थरबाजों-उपद्रवियों पर योगी सरकार सख्त, लगेंगे पोस्टर, होगी वसूली



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के संभल में हुए बवाल के बाद योगी सरकार अपराधियों और उपद्रवियों के खिलाफ कड़ा कदम उठा सकती है। अब प्रदेश में पत्थरबाजों और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश की योगी सरकार सार्वजनिक स्थानों पर पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर लगाएगी और उनसे वसूली भी करेगी। यूपी की योगी सरकार पूर्व में उपद्रवियों और अपराधियों के खिलाफ नुकसान की वसूली और पोस्टर का अध्यादेश जारी कर चुकी है। यानि स्पष्ट है कि उपद्रवियों से सरकार को हुए नुकसान की वसूली की जाएगी। अपराधियों की वजह से किसी भी सार्वजनिक संपत्ति को हुए की भरपाई कराई जाएगी। इसके अलावा, सरकार ने यह भी कहा है कि इन अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद करने वालों को इनाम भी दिया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही उपद्रवियों और अपराधियों के खिलाफ नुकसान की वसूली और उनके पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने के लिए अध्यादेश जारी किया था। इस फैसले के तहत, उन अपराधियों की पहचान सार्वजनिक की जाएगी, जिन्होंने राज्य में हिंसा या उपद्रव किया हो, ताकि उन्हें समाज से बहिष्कृत किया जा सके और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। बता दें कि बीते दिनों उत्तर प्रदेश के संभल में स्थित मस्जिद में सर्वे के दौरान हुए पथराव किया गया था। पत्थरबाजी का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई युवक पुलिस पर पथराव कर रहे हैं। युवकों ने अपना मुंह कपड़े से ढक रखा है, ताकि पुलिस में उनकी पहचान न हो सके। वीडियो में कई लोग हाथों में पत्थर लिए दिख रहे हैं। ये पत्थर वे लोग पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर फेंक रहे हैं। यह लोग एक के बाद एक लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर ईंट, पत्थर सहित तमाम चीजें बरसाते दिख रहे हैं। संभल हिंसा मामले में 20 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हादसा, 5 की मौत, सीएम योगी ने व्यक्त की संवेदना

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। इस दुर्घटना में सैफई मेडिकल कॉलेज के पांच डॉक्टरों की मौत हो गई। सीएम योगी ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र उपचार के निर्देश दिए। घटना के बारे में जानकारी मिलते ही सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बता दें कि कन्नौज के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर यह हादसा बुधवार को तड़के करीब 4 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, सैफई मेडिकल कॉलेज के पांच डॉक्टर अपनी कार से एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इस दौरान कार एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद कार में चीख-पुकार मच गई, पास से गुजर रहे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया।

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि सुबह 3.43 पर कंट्रोल रुम से सूचना मिली कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 196 पर एक सड़क हादसा हो गया है। कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो आगरा की ओर जा रही थी, चालक को नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी डॉक्टर पीजी कर रहे थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू चार दिवसीय तमिलनाडु दौरे पर, खराब मौसम के कारण सड़क मार्ग से पहुंची उधगमंडलम

उधगमंडलम । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तमिलनाडु के अपने चार दिवसीय दौरे के तहत विभिन्न आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मंगलवार को नीलगिरी जिले के उधगमंडलम पहुंचीं। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रपति को कोयंबटूर से हेलीकॉप्टर के जरिये यहां पहुंचना था लेकिन खराब मौसम के कारण उन्हें सड़क मार्ग से यात्रा करनी पड़ी। पुलिस के मुताबिक, इस वजह से पूरे रास्ते भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई और वह सड़क मार्ग से यहां राजभवन पहुंचीं। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने राजभवन में मुर्मू का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बृहस्पतिवार को वेलिंगटन स्थित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज के संकाय और छात्र अधिकारियों को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह 29 नवंबर को यहां राजभवन में आदिवासी महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और आदिवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू इसके बाद 30 नवंबर को तिरुवरूर में तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।



## न्याय का मान न्यायालय ही सुनिश्चित करेगा - अखिलेश यादव



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हुई हिंसा व आगजनी के बाद सियासी बयानबाजी कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक कटिंग के माध्यम से संभल हिंसा के पीड़ित के बयान के साथ लिखा कि न्याय का मान न्यायालय ही सुनिश्चित करेगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से संभल हिंसा के पीड़ित के बयान को पोस्ट किया और लिखा कि किसी को धमकाकर कोरे काग़ज़ पर अंगूठा लगवाना भी गुनाह है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय तत्काल संज्ञान ले और दोषी शासन-प्रशासन के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करके, इस घटना के लिए जिम्मेदार सभी को सजा दे। न्याय का मान न्यायालय ही सुनिश्चित करेगा। इसके पहले सपा मुखिया ने पत्रकारों से बातचीत में संभल हिंसा पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि जामा मस्जिद में दोबारा सर्वे का काम क्यों किया? उन्होंने कहा कि मैं भी संभल जाऊंगा। संभल जाने से क्यों रोका जा रहा है। संभल का हाल जानना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संभल में न्याय नहीं मिल रहा है। हम संविधान का सम्मान करते हैं। हम संविधान का उत्सव कैसे मनाएं? उत्सव ढोंग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को नहीं मानती है। उधर,संभल में हिंसा के बाद अब हालात सामान्य हो रहे हैं। बाजार खुल गए हैं। स्कूल भी खुले। हिंसाग्रस्त इलाके में पुलिस बल तैनात है। कड़ी निगरानी की जा रही है। पुलिस अब भी संभल बवाल से जुड़े मामलों में सतर्कता बरत रही है। वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

## वायनाड के कांग्रेस नेताओं ने प्रियंका को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा



नई दिल्ली । केरल के वायनाड के कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को प्रियंका गांधी वाद्रा को लोकसभा उपचुनाव के निर्वाचन का प्रमाणपत्र सौंपा। इस मौके पर राहुल गांधी भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि प्रियंका गांधी बृहस्पतिवार को लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ ले सकती हैं। सूत्रों का कहना है कि जीत का प्रमाणपत्र ग्रहण करने के बाद प्रियंका गांधी ने भारी समर्थन और विश्वास के लिए वायनाड के लोगों का आभार व्यक्त किया तथा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं के अथक प्रयासों के लिए उनकी सराहना भी की। सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान, प्रियंका गांधी ने स्थानीय चिंताओं को दूर करने और वायनाड के विकास और कल्याण के लिए काम करने के बारे में नेताओं के साथ चर्चा की। वायनाड के उपचुनाव में प्रियंका गांधी 4.1 लाख से अधिक मतों के अंतर से निर्वाचित हुई हैं।

## संविधान का गला घोंटने वाले संविधान बचाने का ढिंढोरा पीठ रहे- योगी आदित्यनाथ



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के अगले दिन परोक्ष रूप से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि जिन लोगों ने संविधान का गला घोंटने का काम किया था, आज वे लोग संविधान बचाने का ठेका लेकर ढिंढोरा पीट रहे हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, संविधान की मूल प्रति में कहीं भी पंथ निरपेक्ष और समाजवादी शब्द नहीं है। कहीं भी ये दो शब्द नहीं हैं। ये शब्द तब जोड़े गए जब संसद भंग थी, न्यायपालिका के अधिकार शून्य कर दिए गए थे। लोकतंत्र पर कुठाराघात हुआ था। योगी आदित्यनाथ ने कहा, जिन लोगों ने संविधान का गला घोंटने का काम किया था, आज वे लोग ढिंढोरा पीट रहे हैं कि संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है। प्रश्न उठता है कि समाज इन लोगों को मूल्यांकन कब करेगा जो स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, इन्होंने संविधान में छेड़छाड़ करने का कुत्सित प्रयास ही नहीं किया, बल्कि लोकतंत्र को पूरी तरह से पंगु बनाने का प्रयास किया। भारतीय मनीषियों ने धर्म को उपासना का पर्याय कभी नहीं बनाया था। धर्म की बहुत विराट परिभाषा है। मुख्यमंत्री ने कहा, भारत का संविधान कर्तव्य, सदाचार और नैतिक मूल्यों का प्रवाह है जिस पर व्यक्ति और समाज का जीवन टिका है, वही धर्म है।

भारतीय मनीषियों ने धर्म को संकीर्ण करके किसी दायरे में कभी नहीं रखा। उन्होंने कहा, आज इन युवाओं के आदर्श कौन हों.. समाजवाद के नाम पर परिवारवाद की चाटुकारिता करने वाले? आखिर क्या कहा था राम मनोहर लोहिया ने? सच्चा समाजवादी वह है जो संपत्ति के मोह से दूर हटकर काम कर सके। क्या ये लोग (सपा के लोग) संपत्ति के बगैर रह पा रहे हैं या एक परिवार का गुलाम बनकर उनकी चाटुकारिता कर रहे हैं? योगी आदित्यनाथ ने कहा, आखिर जय प्रकाश नारायण, नरेंद्र देव आचार्य, डाक्टर राम मनोहर लोहिया का आदर्श कहां चला गया। देश के अंदर रामायण मेलों की शुरुआत डाक्टर राम मनोहर लोहिया ने की थी। आज युवाओं को सुभाष चंद्र बोस जैसे महान लोगों के उद्घोष के बारे में सोचना होगा। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह में प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि और इस विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र कुमार विश्वास को मानद उपाधि से सम्मानित किया। उन्होंने साथ ही आठ विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए, जिनमें सात छात्राएं शामिल थीं। दीक्षांत समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आशीष कुमार चौहान विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इनके अलावा, कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, महापौर गणेश केसरवानी सहित कई विधायक, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 में उत्तीर्ण हुए कुल 144 छात्र छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं।

## संभल हिंसा के बाद अमेठी में भी हाई अलर्ट, धारा 144 लागू



अमेठी, । उत्तर प्रदेश के संभल स्थित मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद अब अमेठी में भी पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई है। ड्रोन के साथ सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। अमेठी में सभी संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। पूरे जिले में धारा 144 लागू की गई है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस द्वारा हर आने-जाने वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर पुलिस फौरन कार्रवाई कर रही है। शासन की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि अगर कहीं भी किसी भी प्रकार की संदिग्ध स्थिति देखने को मिले, तो फौरन कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि संभल में मस्जिद सर्वे के दौरान टीम पर कुछ युवकों ने पथराव कर दिया था। इसके बाद हालात बिगड़ गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे युवक पुलिस पर हमला कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे युवकों की उम्र 20 से 30 साल के बीच बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को संभल हिंसा में संलिप्त उपद्रवियों के पोस्टर भी जारी कर दिए हैं, जिन्होंने हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया था। शासन की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि उपद्रव में शामिल लोगों से सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान की भरपाई की जाएगी। किसी भी दंगाई को बख्शा नहीं जाएगा।

शासन द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि उपद्रव में शामिल लोगों के बारे में जानकारी देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

## यूपी उपचुनाव में सातों सीटें सपा ने जीतीं, लेकिन प्रशासन ने सर्टिफिकेट किसी और को दिया- अखिलेश यादव

अंबेडकरनगर । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को अंबेडकरनगर में पत्रकारों से बात करते हुए यूपी उपचुनाव के परिणाम, संभल की हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि इस उपचुनाव में आप लोगों ने हमें जो कोचिंग दी है उसके लिए मैं भारतीय जनता पार्टी को धन्यवाद देता हूं। प्रशासन को आगे करके बेईमानी की गई है। लाभ देने के लिए क्या-क्या नहीं किया गया? सुनने में यह भी आया है कि एनटीपीसी, उनके सीएसआर से स्कूटी दी गई। प्राइवेट कंपनियों पर दवाब बनाकर उनके सीएसआर का इस्तेमाल कर करके सिलाई मशीन दी गई। इसके अलावा सपा नेता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी दो सीटें बड़ी मुश्किल से जीत रही थी। सातों की सातों सीटें समाजवादी पार्टी जीती है, लेकिन प्रशासन ने सर्टिफिकेट किसी और को दिया है। संभल की घटना पर उन्होंने कहा कि जो संभल में हुआ है वो हुआ नहीं है कराया गया है। अगर पूरा घटनाक्रम आप देखेंगे, पहले तो 19 नवंबर को फैसला सुनवाया कि शाही जामा मस्जिद का सर्वे होगा। जब पहला सर्वे हुआ था संभल के लोगों या किसी भी मुस्लिम पक्ष को कोई आपत्ति नहीं थी। पूरा सर्वे शांति से हुआ था। इसके बाद पता नहीं क्यों दोबारा सर्वे करने का फैसला लिया गया। दोबारा सर्वे के लिए प्रशासन के लोगों को वहां के जिम्मेदार लोगों से बात करनी चाहिए थी। लेकिन बातचीत नहीं की गई। दोबारा जो सर्वे टीम गई थी। क्या उसमें भाजपा के कार्यकर्ता नहीं गए थे। सच्चाई तो यही है, जो प्रशासन छिपा रहा है। जितने लोग सर्वे में गए थे पीछे से नारे लगाते जा रहे थे। जो नारे लगाने वाले थे उन पर कार्रवाई नहीं की गई। क्या नारे लगाने वालों पर मुकदमे दर्ज हुआ? सर्वे टीम के साथ क्या भाजपा के कार्यकर्ता नहीं थे? इस बात को लेकर क्या प्रशासन की आंख बंद है।

उन्होंने आगे कहा कि पीजीआई, लखनऊ में लोहिया इंस्टीट्यूट, सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में नौकरी राजस्थान के लोगों को नौकरी मिली है। राजस्थान के उन लोगों को बैठाया जिन पर प्रश्न लगता है। ये क्या वजह है वहां पर सब राजस्थान के अधिकारी देख रहे हैं। बाहर से लाए हुए अस्थायी अधिकारी जो विस्तार पर रह रहे हैं उनसे कानून व्यवस्था संभाली जा रही है। ये गंभीर बात है। मुझे उम्मीद है कि इन सब घटनाओं पर खुद संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट देखेगा।



## संपादकीय

# विश्वास का तरीका बदलना होगा तभी भगवान को जान पाएंगे

मेरे आसपास के सभी लोग भगवान को मानते हैं, इसलिए मैं भी भगवान को मानता हूं। सब भगवान में अटूट विश्वास रखते हैं, इसलिए मैं भी रखता हूं। सब मंदिर जाते हैं, इसलिए मैं भी जाता हूं। जो सब कह रहे होते हैं या फिर जो सब कर रहे होते हैं, उसमें आपकी खोज तो कुछ भी नहीं, इसमें तो कोई गहरी बात नहीं। जिसने भगवान को अनुभव किया, उसने भगवान में श्रद्धा और विश्वास रखा! यदि उसने भी भेड़चाल की तरह दूसरों के कहने में आकर बिना भगवान को अनुभव किए उनके प्रति श्रद्धा अनुभव की या विश्वास किया तो यह ज्ञान सहित विज्ञान नहीं। फिर यह केवल मान्यता है, और मान्यता दौड़ाती बहुत है, पहुंचाती कहीं भी नहीं। मानना और जानना, दोनों में बड़ा अंतर है। सब मानते हैं, इसलिए हम भी मानेंगे की प्रवृत्ति सही नहीं है। मानने से ऊपर उठकर हमें जानने में आना होगा। यदि हमने ईश्वर को दूसरों की देखा-देखी ही माना तो उनमें हमारा विश्वास आने-जाने वाला ही होगा। वह विश्वास हमेशा एक जैसा रहने वाला नहीं होगा। उस विश्वास में स्थायित्व की भावना का अभाव होगा। जब जीवन में सब ठीक चल रहा होता है तो मन में जो भी बनावटी विश्वास होते हैं, वे ठीक हैं और वे चल भी जाते हैं। लेकिन जब जीवन में परिस्थितियां उलटी-पुलटी हों, विपरीत हों, जो सोच कर चल रहे हों, वह हो ही न रहा हो तो उस समय यह जो ऊपर वाला विश्वास है, वह डगमगा जाएगा। इस ऊपर-ऊपर वाले विश्वास में कोई गहराई नहीं होती। इसकी सीधी वजह यह है कि यह विश्वास अनुभव के आधार पर नहीं होता, बल्कि सुनी-सुनाई बातों के कारण हो रहा होता है। वैसे भी जो देखा न जा सके, उसमें विश्वास करना कठिन ही होता है। लेकिन उस परमात्मा को अनुभव करने की शक्ति भी हमारे ही अंदर निहित है। हम सब में परमात्मा का निवास है। तो सबसे पहले अपने विश्वास को नए तरीके से स्थापित करना होगा। उसको अपने अनुभव के आधार पर नया जन्म देना होगा और यह तब होगा जब यह भाव पक्का होगा कि कोई शक्ति तो है जो सारे विश्व को बड़ी बारीकी से और व्यवस्थित तरीके से चला रही है। कोई तो ताकत है जो हमारे शरीर को निरंतर गति दे रही है। कोई तो है, जिससे मेरे सहित पूरा ब्रह्मांड चल रहा है। इस सार को अपने अंतरतम के भीतर उतर कर ही जाना जा सकता है। इसके लिए ध्यान है। ध्यान का अभ्यास अपने भीतर स्थित उसी ब्रह्म को जानने की प्रक्रिया है, जिससे हम चल रहे हैं, यह जगत चल रहा है। अपने अंदर उतरने के लिए हमें ध्यान करना होगा क्योंकि निरंतर ध्यान और प्रार्थना आपको उस शक्ति को अपने भीतर अनुभव करा देती है। तब किसी के कहने से विश्वास करने की जरूरत नहीं रह जाती है, बल्कि तब तो अपने अंदर खुद-ब-खुद विश्वास उत्पन्न हो जाता है! जब विश्वास अंदर से अनुभव के आधार पर जन्म लेता है तो भारी से भारी दुख हो या कितनी भी उलटी-पुलटी परिस्थितियां हों, वह सबमें अडिग बना रहता है। इसलिए पहला कार्य और सारी कोशिश अपने भीतर उतरने की होनी चाहिए। फिर जैसा अंदर की आवाज कहे, वैसा करो। फिर जो भी घटेगा वह उचित होगा और वही हमारी जीवन यात्रा में सहायक होगा।

# घर पर बैठे यूं करें बैंक एग्जाम की तैयारी

किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी खुद की तैयारी ज्यादा महत्व रखती है। अगर आप किसी संस्थान से कोचिंग करते हैं तो भी घर आकर आपको प्रैक्टिस करनी पड़ेगी। आप चाहें तो घर बैठे-बैठे भी तैयारी कर सकते हैं। घर से तैयारी करने के कुछ फायदे भी हैं। एक तो फीस के रूप में जाने वाला आपका पैसा बच जाता है। दूसरी ओर कोचिंग संस्थान तक जाने-आने वाले समय की बचत होती है। ऑनलाइन हेल्प मौजूदा समय में आईटी क्षेत्र की क्रांति से काफी आसानी हो गई है। अब घर बैठे-बैठे कोई भी कोर्स ऑनलाइन कर सकते हैं। बैंकिंग की तैयारी के लिए भी आप किसी ऑनलाइन इंस्टिट्यूट से जुड़ सकते हैं। उसके माध्यम से आप अपनी कमजोरी और तैयारी के स्तर को जान सकते हैं और फिर उसी हिसाब से अपनी तैयारी शुरू कर सकते हैं। आपको सभी सेक्शन के अहम पॉइंट्स को ढंग से क्लियर करना चाहिए। आइए आपको किस सेक्शन की तैयारी कैसे करनी चाहिए, बताते हैं रीजनिंग ऐप्टिट्यूड सिलोजिजम, मशीन इनपुट आउटपुट, पजल टेस्ट आदि का बैंक पीओ में काफी वेटेज होता है। 6 महीने पहले से तैयारी करके आप इन पर कमांड हासिल कर सकते हैं। वर्बल रीजनिंग की चिंता न करें क्योंकि उस पर कमान हासिल करने में सिर्फ 1 से 2 महीने लगते हैं। क्वॉन्टिटेटिव ऐप्टिट्यूड गणित के सवालों को तेजी से हल करने की ट्रिक सीखें। रोजाना के जीवन में दिमाग में ही जोड़, घटाव, गुणा और भाग की प्रैक्टिस करें। सरलीकरण, औसत, प्रतिशतता, अनुपात एवं समानुपात, लाभ और हानि एवं आंकड़ा विश्लेषण की जड़ से जानकारी हासिल करें। इंग्लिश लैंग्वेज पिछले कुछ सालों से इस सेक्शन की कठिनाई का स्तर बढ़ता जा रहा है। इसको क्लियर करने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज का अच्छा रीडर होना चाहिए। अंग्रेजी के समाचार पत्र, पत्रिका आदि को पढ़ने की आदत डालें। इसके अलावा ग्रैमर पर मेहनत करें।

# 28 नवंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 06.53 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 04.06 रात्रि
चंद्र अस्त- 03.34 दोपहर
चंद्रमा- तुला राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना कार्तिक 27 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष- 13 पक्ष-कृष्ण पक्ष 13
तिथि-त्रयोदशी,
नक्षत्र-चित्रा प्रात- 07.36 तक बाद में स्वाति,योग-सौभाग्य दोपहर 04.01 तक बाद में शोभन, करण-ग़र सायं- 07.35 तक बाद में वणिज, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त प्रात- 11.53 से 12.36 तक
दुमुहूर्त प्रात- 10.27 से 11.10 तक व दोपहर 02.44 से 03.27 तक
अमृत काल रात्रि- 12.30 से 2.27 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.17 से 06.05 तक।

# आज 28 नवंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- सुख सुविधा बढ़ेगी, घर को ठीक भी करवा सकते
मेष- अपने प्लान के अनुसार कार्य करेंगे, आमदनी की चिंता नहीं रहेगी, कोई रोग है तो दवा लेना ना भूले, शिक्षा के लिए नया कॉलेज, कोर्स पर विचार करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-81

वृषभ-गले में समस्या हो तो चिकित्सक से मिले, परिवार में छोटे बच्चे, बुजुर्ग का भी ध्यान रखें, किसी को धन उधार ना दे, नए अनुबन्ध सोच समझकर करें।
भाग्य प्रतिशत-53

मिथुन- कार्यक्षेत्र में बदलाव की संभावना है, अधिकारी वर्ग के लोगों से मुलाकात सम्भव है, इन्टरनेट मार्केटिंग के कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-60

कर्क- व्यवसायिक संबंधो को बढ़ायेंगे, परिवार को एकसाथ लेकर चलेंगे, आय बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे, कार्यक्षेत्र में जुझारू बनना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-72

सिंह-दांतों में परेशानी सम्भव है, परिवार का मसला परेशान कर सकता है, नया घर बनना शुरू करा सकते है, शिक्षा संबन्धी कार्य में निवेश सोच समझकर करें।
भाग्य प्रतिशत-54

कन्या- कार्य को करने के लिए भरपूर जोश रहेगा, थोड़ा खर्चा अवश्य होगा, सामाजिक कार्य से पहचान बनेगी, रिश्तेदार से मिलना हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-72

तुला- कभी गर्म कभी नर्म स्वभाव रहेगा, शारीरिक श्रम बढ़ेगा, धन निवेश कहीं फंस भी सकता है, सरकारी फिजिकल में अनफिट रह सकते है।
भाग्य प्रतिशत-50

वृश्चिक-परीक्षा की तैयारी अच्छी नहीं होगी, घर में दुकान है या कोई माल बनाते है तो अच्छी चलेगी, प्रिंटिंग कार्य थोड़ा प्रभावित रहेगा,बोलते समय सही लहजे का इस्तेमाल करे।
भाग्य प्रतिशत-50

धनु- घर में नकारात्मकता अनुभव हो सकती है, बुजुर्ग लोगों से विचार में मतभेद सम्भव है, पुराना मकान बेचने की योजना भी बनेगी।
भाग्य प्रतिशत-52

मकर-शारीरिक परीक्षण करवा सकते है, लोगों से कम्युनिकेशन स्थापित करेंगे लेकिन लाभ नहीं मिल पाएगा, भाई की आर्थिक परेशानी बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ- व्यापार को लेकर कुछ देनदारी बढ़ेगी, चुकता करने पर भी पूरा नहीं होगा, शरीर की क्षमता पर असर पड़ेगा, खानपान और दवाई का भी ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-51

मीन- बड़े निर्णय नहीं लेंगे, रिश्तेदारों से मुलाकात या फोन पर बातचीत होगी, कोई कार्य दोबारा शुरू करना पड़ेगा, घर से बाहर झगड़ा सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-52

# सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर शेयर की फैमिली फोटो



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता -फिल्मकार सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर फैमिली फोटो शेयर की है। सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पिता सलीम खान और अपनी पहली बाइक के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है, जिस पर फैंस अपना प्यार जताते नजर आ रहे हैं। अब, सोहेल खान ने सलमान खान, अरबाज खान, सलीम खान, सलमा खान, अर्पिता खान और अलवीरा खान सहित पूरे परिवार की एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर शेयर की है। सोहेल खान ने अपनी सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाली फैमिली फोटो शेयर की है, जिसमें वे सिंपल कपड़ों में कैमरे के सामने पोज दे रहे हैं। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है-ब्लेस्ड इन सब के बीच सलमान खान ईद 2025 पर साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रोड्यूस और एआर मुरुगाडोस द्वारा निर्देशित सिकंदर के साथ जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म वर्ल्डवाइड 400 करोड़ी क्लब में शामिल, कमाई में फिर पीछे छूटी सिंघम अगेन



मुंबई । भूल भूलैया 3 और सिंघम अगेन को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 25 दिन हो चुके हैं. सिनेमाघरों में रूब बाबा का क्रेज अभी भी बरकरार है. कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी ने दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं सिंघम अगेन सिनेमाघरों से उतरते नजर आ रही हैं. अजय देवगन की फिल्म चौथे सोमवार को सबसे कम कमाई की है. 1 नवंबर को दिवाली पर रिलीज हुई भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार दमदार प्रदर्शन किया है. पहले हफ्ता सिंघम अगेन के नाम रहा है. लेकिन बाद में कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी ने अपनी रफ्तार पकड़ी और रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स को पछाडने में सफल रही.अनीस बज्मी की निर्देशित हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 3 के लिए चौथा वीकेंड शानदार रहा है. भूल भुलैया 3 ने चौथे वीकेंड में दुनियाभर में 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. इस खास पल कार्तिक आर्यन ने अपने फैंस संग साझा किया है. रूह बाबा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर भूल भुलैया 3 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, सब कुछ संभव है अगर दर्शक आपके साथ खड़े हों और आपकी कहानी पर विश्वास करें. थैंक्यू. 400 करोड़ पार.भूल भूलैया 3 की इस सफलता पर सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं. भूमि पेडनेकर ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में राइडिंग हैंड इमोजी छोड़े हैं. एक फैन ने कमेंट किया है, भूल भुलैया 3 हर किसी के दिल पर राज कर रही है. एक यूजर ने लिखा है, दिल से बधाई हो रूह बाबा जी.भूल भूलैया 3 के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में बात करें तो भूल भूलैया 3 ने चौथे सोमवार यानी 25वें दिन 1.05 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. 25 दिनों के बाद कार्तिक आर्यन की फिल्म ने 267.95 करोड़ रुपये का कमाए हैं. वहीं, दुनियाभर में भूल भुलैया 3 ने 408.52 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.सिंघम अगेन का क्रेज अब खत्म होता दिख रहा है. रोहित शेट्टी और अजय देवगन की जोड़ी ने 25वें दिन बॉक्स ऑफिस पर अबतक की सबसे कम कमाई की है. चौथे सोमवार को रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स ने मात्र 60 लाख रुपये कमाए हैं. इससे पहले फिल्म ने चौथे शुक्रवार को लाख में कमाई की थी.

22वें दिन सिंघम अगेन ने 80 लाख रुपये कमाए. लेकिन, 23वें और 24वें दिन इसके कलेक्शन में उछाल देखा. चौथे शनिवार और रविवार को अजय देवगन स्टारर ने क्रमशः 1.5 करोड़ रुपये और 1.9 करोड़ रुपये कमाए. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिंघम अगेन ने अपनी रिलीज के 25वें दिन यानी चौथे सोमवार को 55 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 240.85 करोड़ रुपये हो गया है।

# द-बंग द टूर- रिलॉडेड से धमाल मचाने को तैयार सलमान खान, वीडियो शेयर कर कहा- तैयार हो जाओ

सलमान खान अपने एंटरटेनिंग द-बंग द टूर-रिलॉडेड से एक बार फिर धमाका करने जा रहे हैं. सलमान खान ने हाल ही में अपने द-बंग द टूर-रिलॉडेड का एलान किया था और अब इसका एक प्रोमो सामने आया है. सलमान खान ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर द-बंग द टूर-रिलॉडेड का एक वीडियो शेयर किया है. द-बंग द टूर- रिलॉडेड दुबई के हार्बर मरीना में होगा. सलमान खान ने अपने इस टूर की एक झलक भी शेयर की है.सलमा खान ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, दुबई तैयार हो जाओ द-बंग द टूर- रिलॉडेड 7 दिसंबर से आपके पास आ रहा है. बता दें, सलमान खान के साथ इस बार सोनाक्षी सिन्हा, तमन्ना भाटिया, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडिज, प्रभु देवा, मनीष पॉल, सुनील ग्रोवर, जॉर्डी पटेल और सिंगर आस्था गिल भी नजर आएंगी. वहीं, सलमान खान ने द-बंग द टूर-रिलॉडेड का जो प्रोमो शेयर किया है, उसमें सलमान खान ने बिग बॉस 18 के स्टेज पर दिख रहे हैं. साथ ही सलमान खान अपने द-बंग द टूर-रिलॉडेड के बारे में जानकारी दे रहे हैं. साथ ही सलमान खान ने बताया है कि उनके द-बंग द टूर- रिलॉडेड की टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है.बता दें,



सलमान खान ने बिश्नोई गैंग से लगातार मिल रही धमकी के बीच अपने द-बंग द टूर- रिलॉडेड का एलान किया था और तब से फैंस को उनकी तारीख का इंतजार था. वहीं, सलमान खान के कड़ी सिक्योरिटी के बीच हैं और वो इन दिनों सुरक्षा के घेरे में बिग बॉस 18 को होस्ट कर रहे हैं. इसके साथ ही सलमान खान ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर से भी चर्चा में हैं और सिकंदर की शूटिंग सेट पर भी सलमान खान को टाइट सिक्योरिटी में रखा गया है. सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद 2025 के मौके पर रिलीज होने जा रही है.

# सर्राफा बाजार में कमजोरी जारी, सोना और चांदी के भाव में बड़ी गिरावट



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में आज लगातार दूसरे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। देश के अलग-अलग सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत में 1,200 रुपये से लेकर 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,390 रुपये से लेकर 77,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये से लेकर 70,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी 2 हजार रुपये की कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 89,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,290 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,8 50 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी गिरावट आने के कारण आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# गुरु रंधावा के साथ 'शौंकी सरदार' में दिखाई देंगी निमृत कौर अहलूवालिया



मुंबई । अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया जल्द ही गायक-अभिनेता गुरु रंधावा के साथ अपकमिंग फिल्म 'शौंकी सरदार' में नजर आने वाली है। कलाकारों ने फिल्मव का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वहीं अब वह मेलबर्न में अगले चरण की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं। अपने काम से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री निमृत कौर ने मेलबर्न के आगामी शेड्यूल को लेकर अपनी उत्सुकता शेयर की है। उन्होंने कहा, 'शौंकी सरदार' मेरे लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसकी शानदार टीम के साथ काम करना मेरे लिए प्रेरणादायक रहा है। गुरु और मैंने शूटिंग के दौरान शानदार समय बिताया है, और मैं मेलबर्न में अगले शेड्यूल को लेकर बेहद ही रोमांचित हूं। यह एक खूबसूरत शहर है। मैं अपने इस किरदार को ऐसी खास जगह पर जीवंत करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। निमृत ने कहा, यह सफर सीखने, बढ़ने और एक ऐसी कहानी को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बारे में रहा है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। बता दें कि 'शौंकी सरदार' अगले साल रिलीज होने वाली है। फैंस बेसब्री से गुरु रंधावा के साथ निमृत को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। यह फिल्म प्यार, वफादारी और सांस्कृतिक गौरव की एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। फिल्म का निर्माण गुरु के बैनर 751 फिल्म्स द्वारा किया गया है और इसका निर्देशन धीरज रतन ने किया है। निमृत ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और 2018 में उन्हें फेमिना मिस मणिपुर का ताज पहनाया गया। इसके बाद वह बी प्राक के 'मस्तानी' नामक एक संगीत वीडियो में नजर आईं, जिसने उन्हें शोबिज की दुनिया में कदम रखने में मदद की। 2019 में लोकप्रिय डेली सोप 'छोटी सरदारनी' से वह सुर्खियों में आईं। अभिनेत्री को बाद में सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 16वें संस्करण में देखा गया, जहां वह छठे स्थान पर रही थीं। इसके बाद उन्हें स्टंट-आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 14 में देखा गया। इस सीजन में अभिनेता करणवीर मेहरा जीते थे।

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने की दूसरी बार शादी



मुंबई । बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी और साउथ एक्टर सिद्धार्थ ने सितंबर में कुछ लोगों की मौजूदगी में तेलंगाना के श्रीरंगनायकस्वामी मंदिर में शादी की थी। इस जोड़े ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं थी। अब फिर जानकारी मिली है कि अदिति और सिद्धार्थ ने फिर शादी की है। दोनों ने राजस्थान में दूसरी शादी की है। इस दूसरी शादी को लेकर फैंस हैरान हैं। अदिति राव हैदरी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी दूसरी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अदिति लाल लहंगा पहने नजर आ रही हैं। इसके ऊपर उन्होंने ज्वैलरी पहनी हुई है। इस लुक में अदिति बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं सिद्धार्थ ने पर्ल कलर की शेरवानी पहनी हुई है। इसके ऊपर मोतियों का हार पहना हुआ है। इन तस्वीरों में वह बेहद हैंडसम लग रहे हैं। अदिति और सिद्धार्थ की दूसरी शादी की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। फैंस की ओर से शुभकामनाएँ अदिति ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है और कैप्शन दिया है, %एक-दूसरे की जिंदगी में जिंदगीभर याद रखने लायक कुछ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों पर फैंस ने लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर दी है। उनकी फोटो पर अदिति की सादगी प्यारी है, दोनों एक-दूसरे के साथ खूबसूरत लग रही हैं वे एक-दूसरे के लिए ही बने हैं दोनों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं जैसे कई कमेंट्स देखने को मिल रहे हैं। निर्देशक संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी का हिस्सा रहीं अदिति राव हैदरी की सिद्धार्थ से पहली मुलाकात 2021 में एक तेलुगु फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। महासमुद्रम नाम की इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी नजरें एक दूसरे से मिलीं। वे पहले दोस्त थे। इसके बाद उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। फिर 2023 में उनकी लव लाइफ सामने आई। दोनों का साथ में डांस करते हुए एक वीडियो सामने आया था। फिर 17 सितंबर को अदिति ने शादी की तस्वीरें शेयर कर सभी को चौंका दिया। उनका विवाह समारोह बेहद निजी तरीके से आयोजित किया गया था। अब एक बार फिर ये बात सामने आई है कि उन्होंने राजस्थान में शादी कर ली है।

# गुजरात के उर्विल पटेल ने बनाया भारत का सबसे तेज़ टी20 शतक, तोड़ा ऋषभ पंत का रिकॉर्ड



इंदौर । पिछले साल किसी भारतीय द्वारा लिस्ट ए मैचों में दूसरा सबसे तेज़ शतक लगाने के बाद गुजरात के सलामी बल्लेबाज़ उर्विल पटेल ने टी20 मैचों में भी 28 गेंदों में शतक लगाया है, जो कि इस फॉर्मेट में किसी भी भारतीय का सबसे तेज़ जबकि ओवरऑल विश्व में दूसरा सबसे तेज़ शतक है। उर्विल ने यह कारनामा इंदौर में त्रिपुरा के ख़िलाफ़ सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी मैच के दौरान किया। टी20 में सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड इस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम दर्ज है, जिन्होंने इस साल जून में साइप्रस के ख़िलाफ़ 27 गेंदों में शतक लगाया था। सबसे तेज़ टी20 शतक का भारतीय रिकॉर्ड अभी तक ऋषभ पंत के नाम दर्ज था, जिन्होंने जनवरी 2018 में हिमाचल प्रदेश के ख़िलाफ़ 32 गेंदों में शतक लगाया था। बुधवार को 156 रनों का पीछा करते हुए गुजरात ने यह लक्ष्य 10.2 ओवरों में ही प्राप्त कर लिया। दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज़ उर्विल ने 25 गेंदों पर नाबाद 113 रनों की पारी खेली, जिसमें सात चौके और 12 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उन्होंने मैदान के लगभग हर कोने में शॉट लगाए और बाउंड्रीज़ बटोरीं। पिछले साल नवंबर में 27 साल के उर्विल ने 41 गेंदों में लिस्ट ए शतक लगाया था। सबसे तेज़ लिस्ट ए शतक का भारतीय रिकॉर्ड युसूफ़ पठान के नाम है, जिन्होंने 40 गेंदों में यह कारनामा किया था। उर्विल आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के साथ थे, लेकिन उन्हें कोई मैच नहीं मिला था। 2024 में गुजरात ने उन्हें रिलीज़ कर दिया आईपीएल 2025 में भी उनका नाम नीलामी सूची में था, लेकिन वह किसी भी टीम का हिस्सा नहीं बन सके।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्रा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## लेखपाल और किसान यूनियन संगठन एक दूसरे पर कार्रवाई को लेकर आए आमने-सामने





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील में 7 दिन से लेखपालों का धरना प्रदर्शन जारी है। जिसके साथ आज पूरे जनपद की सातों तहसीलों में भी लेखपालों का धरना शुरू हो गया है।वहीं बुधवार को भारतीय किसान यूनियन हलधर तथा किसान यूनियन अन्नदाता किसान यूनियन किसान शक्ति द्वारा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन तहसील में किया गया है बताया गया है कि गत दिवस अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अकरवास कनैनी में राजस्व टीम के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के पक्ष में तहसील में विभिन्न किसान संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया है। लेखपाल और किसान एक दूसरे पर कार्रवाई को लेकर धरने पर बैठे हैं। किसान यूनियन के धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार अक्षय दहिया को सोशल मीडिया पर हुई वीडियो वायरल दिखाते हुए लेखपालों पर सख्त कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को अपने बीच बुलाने की मांग की। उधर लेखपाल संघ भी किसानों के द्वारा की गई मारपीट आदि को लेकर किसानों पर कार्रवाई करने की बात पर अडे हुए हैं। किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम दीपक कुमार पाल जिन्होंने किसानों की सुनी किसानों ने कहा है कि लेखपाल के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन भी दिया है। वहीं एसडीएम ने कहा है कि दोनों पक्षों की सुनकर जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही होगी एसडीएम के आश्वासन पर किसानों ने किया धरना समाप्त लेकिन लेखपालों का धरना रहेगा जारी।

## एसडीएम की कार्यवाही से खनन माफियाओं में मची खलबली




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव अनौना में बुधवार को एसडीएम ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक जेसीबी मशीन तथा 5 टैक्टरों को खनन करते हुए पकड़ा जबकि बढ़ते हुए प्रदूषण को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर रखें हैं कि कोई भी जनपद में खनन अथवा प्रदूषण से संबंधित कार्य नहीं किया जाएगा। जबकि वर्तमान में ग्रैप स्टेज 4 लागू है। एसडीएम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सभी टैक्टर तथा जेसीबी मशीन को पकड़ कर पहासू थाना पुलिस के हवाले कर किया गया है। एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल ने बताया है कि संबंधित कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी एवं जिला प्रदूषण अधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है।

## ईंटों से पीट-पीटकर युवक की हत्या, लहूलुहान मिला शव



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जिले की खुर्जा कोतवाली इलाके के पुरानी तहसील रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में मंगलवार रात ईंट से पीट-पीट कर युवक की हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह आसपास के लोगों ने लहूलुहान शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव के पास ईंट भी बरामद की। सराय मुर्तुजा खां मोहल्ला निवासी राजेश ने बताया कि उनका बेटा रजत उर्फ गद्दी (26) मजदूरी करता था। वह रोजाना महर्षि वाल्मीकि आश्रम में जाता था। वहां पर वह सफाई भी2024 करता था। जिसके बाद आश्रम में सोता था। मंगलवार को भी रोजाना की तरह वह आश्रम में गया था। इसी दौरान उसकी कुछ लोगों ने ईंटों से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। सुबह लोगों ने शव को देखा। जिसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचित किया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। कोतवाली खुर्जा नगर में तैनात प्रशिक्षु सीओ0 प्रखर पांडे ने बताया कि युवक की सिर पर प्रहार कर हत्या की गई है। जांच की जा रही है। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## निजामपुर में संदिग्ध परिस्थिति में किसान की मौत

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुगरासी ।चौकी क्षेत्र के गाँव निजामपुर बाँगर में मंगलवार की देर रात एक किसान की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई ।परिजनों में कोहराम मचा है ।जानकारी के अनुसार निजामपुर निवासी किसान राजीव पुत्र सत्यदेव अपने दो दोस्तों के साथ गाँव निवासी किसान का खेत ट्रैक्टर से जोतने गया था ।खेत जोतने के बाद दोनों दोस्तों ने वहीं बैठकर शराब पी जिसके बाद दोनों दोस्त वहां से चले आये ।उसके बाद राजीव खेत से ट्रैक्टर लेकर घर को चल दिया ।इसके बाद उसने ट्रैक्टर को कहाँ कहाँ घुमाया कोई पता नही ।सुबह जब किसान खेतों पर गये तो राजीव को जूनियर स्कूल के आसपास ट्रैक्टर के नीचे दबा मृत पाया गया ।सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में घटना से सन्नाटा पसरा है ।किसी ने फोन पर पुलिस को सूचना तो दी थी लेकिन ग्रामीणों ने कोई भी कार्यवाही कराने से मना कर दिया ।बुधवार शाम को परिजनों ने फरीदा बाँगर गंगाघाट पर राजीव के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## शादी का झांसा देकर आठ साल तक करता रहा शारीरिक शोषण आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिबाई क्षेत्र के एक गांव की लडकी ने बुलंदशहर एसएसपी से मिलकर आप बीती सुनाई जिसमें लडकी द्वारा अपनी व्यथा बताते हुए बताया कि वो अपने पडोस के गांव घुसराना के रिंकू के सम्पर्क में नवम्बर 2016 में आई थी और धीरे धीरे वो दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद उसके प्रेमी ने 2020 में गुड़गांव के एक मन्दिर में शादी रचा ली जिससे उनके एक बेटी पैदा हुई जो आज लगभग डेढ वर्ष की है। बीती दिपावली से पहले सब कुछ ठीक-ठीक चल रहा था लेकिन दीपावली के एक दिन बाद उसका पति रिंकू अपने घर की कहकर गया था जो फिर लौट कर नहीं आया। कई दिनों के इन्तजार के बाद जब उसे ये जानकारी मिली की उसका पति कहीं और शादी रचा रहा है तो उसने रिंकू के गांव जाकर हंगामा किया तो लडके के परिजनों को मामले की जानकारी हुई। लेकिन परिजन है कि इस शादी को मानने के तैयार नही है। और उसका पति भी उसे छोड़कर अब कहीं गायब हो गया है। हार थक कर पीड़िता ने एसएसपी ऑफिस का रूख किया और वहां से आरोपी के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज हो सका है। जिससे पीड़िता को इंसाफ की उम्मीद जगी है।

## महिला ने दंबगों से अपनी जमीन कब्जामुक्त कराने को लेकर पुलिस को दी तहरीर

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुगरासी क्षेत्र के गाँव फरीदा बांगर निवासी महिला सरोज पत्नी कलुआ ने बुधवार को एसडीएम स्याना को फरीदाबाँगर व घुंघरावली के कुछ लोगों नामजद कर अपनी जमीन कब्जा मुक्त कराने को लेकर शिकायत की है।

दी गई तहरीर में फरिदा बाँगर के तीन व घुंघरावली के चार लोगो को नामजद कर आरोप लगाया है कि 1997 से मेरी जमीन जिसका गाटा न0 341 है 4 बीघा जमीन है। उक्त सभी नामजद सरकस लोग है। मै एक गरीब कमजोर महिला हूँ।दी गई तहरीर में यह भी



बताया है कि मैने इसकी शिकायत जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से भी की है। लेकिन समस्या जस की तस है। महिला का ये भी कहना.है कि मै दाने दाने को मौहताज हूँ।अगर मेरी जमीन से दबंगों का कब्जा ना हटाया गया तो मै वो करने को मजबूर होऊगी जो नही करना चाहिये।

## भगवान देवी ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को भोजन कराकर अपनी पोती का जन्मदिन मनाया




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । रामघाट प्राथमिक विद्यालय में तैनात रसोईया श्रीमती भगवान देवी ने अपनी पोती किट्टू के जन्मदिन पर अपने गांव ढकनगला नरौरा के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को भोजन कराया और पेंसिल बॉक्स वितरित कर जन्मदिन मनाया पहली बार गांव के प्राथमिक विद्यालय में कुछ इस प्रकार जन्मदिन मनाया गया प्रधानाध्यापिका सीमा विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ ने किट्टू को जन्म दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की और बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की और किट्टू की दादी भगवान देवी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी।

## बेहद निर्धन और नेत्रहीन व्यक्ति की बेटी की शादी के लिए की आर्थिक मदद

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर नगर निवासी आर्थिक रूप से अत्यंत अभावग्रस्त तथा आंखों से दृष्टिविहीन महेन्द्र कुमार सैन की बड़ी कन्या की शादी (25 नवम्बर) हेतु संस्था के कार्यकर्ताओं ने भारत माता के चित्र के साथ सहयोगस्वरूप 21 हजार रुपए (11 हजार चैक तथा 10 हजार नगद) कन्यादान सहित स्मार्ट टीवी, 31 बर्तन, 11 साड़ियां, चांदी के जेवर, दूल्हे के कपड़े, सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, 5 लीटर प्रेशर कुकर, प्रेस, बैड शीट एवं अन्य उपहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, जिला संयोजक पिंटू गुर्जर, जिला सह संयोजक राम अवतार लोधी, नगर संयोजक विकास सिंह, नगर




विद्यार्थी प्रमुख देवेश शर्मा, डॉ. विवेक अग्रवाल, डॉ. बिजेन्द्र यादव, सोनू गुर्जर, अजयवीर भाटी, उमाशंकर, चाहत राजपूत, जतिन कुमार आदि सम्मिलित रहे।

## श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने राजवीर सिंह



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर में श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजवीर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 26 नवंबर 2024 को भारतीय बौद्ध संघ द्वारा आयोजित 75 वे भारतीय संविधान दिवस सामाजिक समरसता सम्मान समारोह भंते संघप्रिय राहुल राष्ट्रीय अध्यक्ष जीकी अध्यक्षता में स्थान एनडीएमसी सभागार संसद मार्ग नियर जंतर मंतर नई दिल्ली में मुख्य अतिथि आदरणीय माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल जी कानून एवं न्याय मंत्री भारत सरकार की उपस्थिति एवं माननीय डॉक्टर सत्यनारायण जटिया जी सदस्य संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के सानिध्य में भव्य कार्यक्रमआयोजित किया गया अत्यंत भव्य कार्यक्रम में मुझे भी सहभागिता करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ राजवीर सिंह के द्वारा बताया गया कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को भारत के सभी 284 गण मान्य ने नागरिकों ने संपूर्ण भारत के दिए भारत के संविधान को स्वीकार करके पुरानी रूढ़ि और प्रथाओं को शून्य तक समाप्त कर भारत की आम जनता को समानता की आजादी दिलाई सेवानिवृत्त पटवारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा बताया गया कि इसमें बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने 2 साल 2 महीने 17 दिन दिन रात कड़ी मेहनत करके पुरानी व्यवस्था को समाप्त करने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी और अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग को बराबरी के अधिकार दिलाते हुए इस लड़ाई को जीता गया था

इस कारण आज का दिन आप सभी के लिए खुशियों भरा दिन है राजवीर सिंह द्वारा द्वारा बताया गया कि खास तौर से भारत की सभी महिलाओं के लिए अति विशेष है क्योंकि इसी भारत के संविधान की बदौलत महिलाओं को बराबरी के अधिकारों के साथ-साथ कई विशेष अधिकार दिए गए उक्त कार्यक्रम में मुझे भी आमंत्रित करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बौद्ध संघ आदरणीय भंते जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूं

उक्त कार्यक्रम में एक लाख संविधान प्रतिया वितरण करने का शुभारंभ किया गया

राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ राजवीर सिंह के द्वारा 75 वें राष्ट्रीय संविधान दिवस के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को संविधान दिवस की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं प्रस्तुत की।

## एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनी कुमारी रिंकी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। रामघाट विकास खंड डिबाई की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय डिबाई के कक्षा 8 की छात्रा रिंकी कुमारी सुपुत्री श्याम सुंदर निवासी ऊंचागांव खादर को एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अपने कार्यालय में अपनी सीट पर बिठाया। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता ने कार्यवाहक रिंकी कुमारी खंड शिक्षा अधिकारी को खंड शिक्षा अधिकारी के दायित्व और कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। कुमारी रिंकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं को समय से पूरा करने को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समय-समय पर जो भी दिशा निर्देश मिलते हैं उनका हम सभी को सही से समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना अति आवश्यक है। सभी शिक्षकों को अपना कार्य पूरे मनोयोग से करते हुए कर्तव्य निर्वहन करना हम सब की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। 1 दिन की खंड शिक्षा अधिकारी बनने पर कुमारी रिंकी ने अपने को बहुत गौरवान्वित महसूस किया और कहा के मैं पूरी मेहनत से पढ़ाई करके आगे अच्छा अधिकारी बनना चाहूंगी इस अवसर पर देवानंद, लोकेश शर्मा डॉ सोमेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्री ने एमएस इंटर कॉलेज के नए भवन का किया शिलान्यास

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

सिकंदराबाद । नगर स्थित एम एस इंटर कॉलेज के नए भवन का वन एवं पर्यावरण मंत्री ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे। बुधवार को नगर स्थित एम एस इंटर कॉलेज के नए भवन का शिलान्यास मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना एवं विशिष्ठ अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह एवं नगर पालिका चेयरमैन डॉ प्रदीप दीक्षित ने सयुंक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। शिलान्यास के उपरांत नए भवन के निर्माण से विद्यालय में शिक्षा के स्तर को और अधिक सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भवन में आधुनिक कक्षाओं के साथ-साथ पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम और खेल सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। शिलान्यास समारोह में बोलते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज की प्रगति का मूल है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इस भवन





के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिलेगा और उनकी शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगा और वे इस भवन निर्माण में अपना हर संभव योगदान देंगे। उन्होंने अपने संबोधन में इस संस्था को निरंतर 1886 से उन्नति के पथ पर ले जाने के लिए प्रबंधक नितिन भटनागर की सरहाना की। इस अवसर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि विधालय के नए भवन का शिलान्यास होने पर प्रबंध तंत्र को बधाई और इस कार्य के लिए वे पूरी तरह से समर्पित है और भवन निर्माण हेतु हर तरह की आर्थिक मदद के लिए विधालय परिवार के साथ खड़े है। वही डॉ प्रदीप दीक्षित ने कहा कि वे इस विधालय की ही देन है और इसकी वजह से ही वे आज इस मुकाम पर खड़े है। वे हर संभव मदद के लिए तत्पर है। प्रबंधक नितिन भटनागर ने कहा कि यह परियोजना जल्द ही पूर्ण होगी और इससे क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री व विधायक ने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबू बुद्धदेव ने एवं संचालन डॉ फ़ारूक़ ने किया। इस मौके पर ऐज़ाजुद्दीन, उमेश सक्सेना, अतुल गौतम, राम मोहन वशिष्ठ, विजय स्वरूप राही, अरविंद कुमार, प्रदीप गोयल, गीता शेखावत, अलका चौधरी, मयंक सक्सेना, नारायण सिंह, जगत सिंह सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लेखपाल और किसान यूनियन संगठन एक दूसरे पर कार्रवाई को लेकर आए आमने-सामने



बुलंदशहर। शिकारपुर तहसील में 7 दिन से लेखपालों का धरना प्रदर्शन जारी है। जिसके साथ आज पूरे जनपद की सातों तहसीलों में भी लेखपालों का धरना शुरू हो गया है।वहीं बुधवार को भारतीय किसान यूनियन हलधर तथा किसान यूनियन अन्नदाता किसान यूनियन किसान शक्ति द्वारा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन तहसील में किया गया है बताया गया है कि गत दिवस अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अकरवास कनैनी में राजस्व टीम के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के पक्ष में तहसील में विभिन्न किसान संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया है। लेखपाल और किसान एक दूसरे पर कार्रवाई को लेकर धरने पर बैठे हैं। किसान यूनियन के धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार अक्षय दहिया को सोशल मीडिया पर हुई वीडियो वायरल दिखाते हुए लेखपालों पर सख्त कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को अपने बीच बुलाने की मांग की। उधर लेखपाल संघ भी किसानों के द्वारा की गई मारपीट आदि को लेकर किसानों पर कार्रवाई करने की बात पर अडे हुए हैं। किसानों के धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम दीपक कुमार पाल जिन्होंने किसानों की सुनी किसानों ने कहा है कि लेखपाल के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन भी दिया है। वहीं एसडीएम ने कहा है कि दोनों पक्षों की सुनकर जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही होगी एसडीएम के आश्वासन पर किसानों ने किया धरना समाप्त लेकिन लेखपालों का धरना रहेगा जारी।

## VP त्यागी जी के त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में पहुंचे वरुण गांधी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर में आज भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी जी के पूज्य पिताजी श्री VP वेदप्रकाश त्यागी जी के त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में रहकर दिवंगत आत्मा को पूर्व सांसद वरुण गांधी जी के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से जदयू के प्रवक्ता चष्ट त्यागी किठौर विधायक सतवीर त्यागी ji भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री सुनील जी प्रांत महामंत्री डॉक्टर कुलदीप चौधरी प्रांत कोषाध्यक्ष ओमकार त्यागी प्रांत युवा प्रमुख संजीव जी प्रांत मंत्री संगीता जी प्रांत महिला प्रमुख योग्यता त्यागी प्रांत सह महिला प्रमुख अर्चना त्यागी गाजियाबाद महिला प्रमुख विनीत त्यागी महानगर महिला प्रमुख सरिता त्यागी जिला प्रचारक पंकज जी सह विभाग कारवां नरेश शर्मा जी जिला कारवां अमित जी जिला भारतीय किसान संघ बुलंदशहर की तरफ से जिला अध्यक्ष महेश चंद्र लोधी जिला कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता जी जिला महिला प्रमुख विनती चौधरी एडवोकेट जिला युवा प्रमुख श्यामवीर



जी जिला उपाध्यक्ष दिलावर चौधरी ठाकुर शिवकुमार और जिला सह मंत्री लाल सिंह तोमर वीरेंद्र गुर्जर कार्यालय प्रमुख ओमवीर चौधरी जिला सह कोषाध्यक्ष शलभ तोमर जी भाजपा के जिला महामंत्री अजय त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

## जिला महिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कन्याजन्मोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। कन्याजन्मोत्सव कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अन्तर्गत लिंग आधारित हिंसा, अशिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह आदि से सम्बन्धित मुददों पर समुदाय एवं जनता के बीच जागरूकता कार्यक्रम एवं गतिविधियों के माध्यम से आम जनमानस को लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदीकृत करने हेतु जनपद स्तर पर जिला महिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कन्याजन्मोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.11.2024 को माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश (डॉ अरूण कुमार जी) की



अध्यक्षता में जिला महिला अस्पताल में कन्याजन्मोंत्सव कार्यक्रम का आयेजन किया गया। कन्याजन्मोंत्सव कार्यक्रम में कुल 40 नवजात बालिकाओं का केक काटकर जन्मोंत्सव मनाया गया। माननीय द्वारा बेबी किट और मिठाई परिजनों को उपहार में भेट की गयी। इस अवसर पर मा0 विधायक सदर बुलन्दशहर श्री प्रदीप चौधरी द्वारा बेटियां हर क्षेत्र में नाम रौशन कर रही है और देश का भविष्य बना रही है, बेटियों के साथ भेदभाव ना किया जाये, समुचित विकास और शिक्षा बेटियों को उपलब्ध करायी जाये का संदेश दिया तथा शुभकामनायें दी गयी। मा0 प्रभारी मंत्री जी द्वारा सभी परिजनों को शुभकामनाये दी गयी तथा समस्त परिजनों को बेटे और बेटी को समान शिक्षा एवं पालन पोषण का संदेश दिया।

जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजनान्तर्गत लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदीकृत करने हेतु आम जनामनस को जागरूक करने के लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अन्त में डॉ मनीषा जिंदल, प्राचार्या मैडिकल कॉलेज द्वारा आये अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं महिला कल्याण विभाग का स्टॉफ उपस्थित रहे। महिला कल्याण विभाग बुलन्दशहर।

## गांधी बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम - खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर। नगर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा सैंकी कक्षा आठ, को कार्यालय शिकारपुर खंड शिक्षा अधिकारी का एक दिवसीय सांकेतिक खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा समस्त नोडल संकुल शिक्षकों की बैठक ली गई और न्याय पंचायत में स्थित विद्यालयों में आ रही समस्याओं को जाना गया व समस्याओं का निदान करने के भी निर्देश दिए गए इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता, व शिकारपुर ब्लांक प्रमुख पंकज गौतम, मौजूद रहे ।

# श्रीमती मीनाक्षी भराला माननीय सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में हुई बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। गंगाजल गैस्ट हाउस, सिद्धार्थ विहार, गाजियाबाद के निरीक्षण भवन में श्रीमती मीनाक्षी भराला माननीय सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में बैठक व जनसुनवाई कार्यक्रम के साथ ही सम्बन्धित विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में 15 महिलाओं की शिकायतों पर जन सुनवाई की गई जिसमें 04 प्रकरणों में मा0 सदस्या द्वारा सीधे विभागाध्यक्षों से वार्ता कर निस्तारण कराने के निर्देश दिये और अन्य मामलों में सम्बन्धित विभागों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर आख्या माननीय महिला आयोग उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहर कि पात्र महिलाएं किसी योजना से वंचित ना रहे और उन्हें शत—प्रतिशत उनके अधिकार दिलायें। महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएं। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी महिलाओं के मान—सम्मान का ध्यान रखे। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, डिप्टी कलैक्टर श्री निखिल चक्रवर्ती, एसीपी प्रिया श्री पाल, श्री मनोज कुमार पुष्कर प्रोबेशन अधिकारी, श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अमित विक्रम एवं सोशल सैक्टर के अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसुनवाई हेतु गणमान्य उपस्थित रहे। मा0 सदस्या द्वारा जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय महिला वैरक में 170 महिलाएं निरूद्ध पायी गई। बैरक में महिलाओं की आवासीय व्यवस्था उचित पाई गई। कारागार में महिला बन्दियों के लिये सिलाई कढाई प्रशिक्षण संचालित है तथा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि महिला बंदियों के लिये ब्यूटीशियन का कोर्स शीघ्र संचालित किया जायेगा। मा0 सदस्या द्वारा महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिये संचालित क्रेच का भी निरीक्षण किया गया जिसकी साफ-सफाई व खेल कूद का सामान संतोषजनक पाया गया। वर्तमान में महिला बंदियों के साथ कुल 10 बच्चे आवासित हैं। माननीय सदस्या द्वारा महिला बंदियों से वार्ता की गई जिसमें कुछ महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि उनकी काफी लम्बे समय से जमानत अर्जी मा0 न्यायालय में लम्बित है। जिसके सम्बन्ध में मा0 सदस्या द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि उक्त महिलाओं की जमानत के सम्बन्ध में मा0 न्यायालयों से सम्पर्क कर प्रभावी कार्यवाही करायें। निरीक्षण के दौरान मा0 सदस्या के साथ जेल अधीक्षक, श्री सीताराम शर्मा, ए0सी0पी0 (महिला एवं बाल अपराध) श्रीमती प्रिया श्री पाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री मनोज कुमार पुष्कर एवं डिप्टी जेलर श्री ब्रिजेश पाण्डे, उपस्थित रहे।

# रोल प्रेक्षक/ आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे व जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने की राजनैतिक दलों के साथ बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । रोल प्रेक्षक/आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे व जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामावलियो का विशेष पुनरीक्षण अभियान के क्रम में समस्त सर्म्बंधित को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतो में बैठक बुलाकर मतदाता सूची पढ़ी जाये और उनकी कार्यवृत्त भी बनायी जाय। जिनकी आयु 18 से 19 वर्ष हो गयी है, मतदाता फार्म-6 भर कर नाम जोडा जाये, 80 वर्ष के अधिक मतदाताओं का सत्यापन करके मतदाता सूची मे टैगिंग किया जाये तथा दिव्यांग मतदाताओ के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाये। ऐसे व्यक्ति जिनकी आयु दिनांक 01.01.2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है, को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप-6 भरा जायेगा। उक्त प्रारूप-6 उपरोक्त कार्यक्रम में दी गई अवधियों में अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थल पर नियुक्त बूथ लेविल अधिकारी/मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारी एवं अपनी तहसील से सम्बन्धित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा करना होगा। मतदाता सूची में पंजीकृत ऐसे मतदाता जिसकी मृत्यु होने के उपरान्त उक्त मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं हटाया गया है ऐसी स्थिति में नाम हटाने हेतु सम्बन्धित बी0एल0ओ0 द्वारा प्रारूप-7 भरवाया जायेगा। इसके अतिरिक्त ऐसे मतदाता जो किसी कारणवश अन्य स्थानों पर चले गये है उन्हे मतदाता सूची से नाम हटाने हेतु उक्त प्रारूप में आवेदन करना होगा, ताकि अपने दूसरे निवास स्थान पर वह अपना नाम सुगमता पूर्वक बढ़वा सके। मतदाता सूची में पंजीकृति ऐसे मतदाता जिनकी प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उस प्रविष्टि को शुद्ध / डुप्लीकेट फोटो पहचान पत्र जारी/शिफ्टेड मतदाताओं को स्थानान्तरण करने हेतु प्रारूप-8 भरकर सम्बन्धित मतदेय स्थल पर नियुक्त बूथ लेविल अधिकारी/मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारी एवं अपनी तहसील से सम्बन्धित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा करना होगा। बैठक में समस्त अधिकारीगण को निर्देश दिये गये की मतदाता सूची में प्रति मतदेय स्थल पर कम से कम 10 फार्म प्राप्त की जाय, जिनकी आयु 18 से 19 वर्ष हो गई हैं, के फार्म-6 प्राप्त किया जाना है, इसी प्रकार 10 फार्म-7 प्राप्त होने चाहिए।

आवेदन कर्ता को प्राप्ति रसीद आवश्य दे दी जाये। यह भी निर्देश दिये गये कि आप अपने सुपरवाइर / बी0एल0ओ0 का ग्रुप बना लें, उनसे प्रतिदिन वार्ता करे, जिन बी0एल0ओ0 के पास फार्म-6, 7, तथा 8 प्राप्त नहीं हुए है, उनसे वार्ता करके फार्म-6, 7 व 8 प्राप्त करने हेतु निर्देशित करें। बी0एल0ओ0 को यह भी निर्देश दें कि आप प्रतिदिन मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाता के घर जाय और उनसे फार्म भरवा कर प्राप्त कर लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने रोल प्रेक्षक/आयुक्त मेरठ मंडल को जानकारी देते हुए बताया कि सभी मतदाताओं को निबंध प्रतियोगिता एवं स्वीप कार्यक्रमों के तहत पहचान पत्र बनाए जाने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

बैठक के दौरान मा0 विधायक धौलाना धर्मेश तोमर, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार एवं राजनितिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी का डोडा से लेकर गोवा तक विधायक - सीएम चौहान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । पिलखुवा आम आदमी पार्टी के 13 में स्थापना दिवस पर आम आदमी पार्टी कार्यालय परतापुर रोड स्थित प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीएम चौहान जी के नेतृत्व में विधानसभा कार्यालय पर के काटकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सीएम चौहान ने बताया कि 13 बरस की छोटी सी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा स्वास्थ्य आदि बड़े-बड़े काम करके आप ने दिखा दिया है कि राजनीति इच्छा शक्ति व ईमानदारी से ही बदलाव संभव होंगे आम आदमी पार्टी के क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं के जुनून और हर मुश्किल वक्त में पार्टी के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने का ही परिणाम है आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार है आम आदमी पार्टी भारतीय इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ाने वाली पार्टी है यह किसी चमत्कार से काम नहीं है जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से डोडा से लेकर गोवा तक पांच विधानसभा में आम आदमी पार्टी के विधायक हैं कई प्रदेशों में मेयर अध्यक्ष सभासद और प्रधान भी है नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, शकील अहमद ,चतर सिंह, कलुआ विनोद सैनी ,इमरान खान, रेखा नागर ,सुलक्षणा शर्मा, राजीव शर्मा, निवेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रदूषण कोई भी हो वह खतरनाक होता है-प्रो.नरेंद्र आहूजा विवेक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में प्रदूषण विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 68 1 वाँ वेबिनार था। मुख्य वक्ता प्रो.नरेंद्र आहूजा विवेक (पूर्व राज्य ओषधि नियंत्रक हरियाणा) ने कहा कि प्रदूषण के कई प्रकार हैं यह वायु मंडल का भी है,वैचारिक भी और सामाजिक और राष्ट्रीय भी प्रदूषण कोई भी हो वह खतरनाक होता है। उन्होंने कहा की पराली जलाने,वाहनों के धुएँ, निर्माण कार्यों,कूड़ा जलाने और बढ़ती ठंड से वातावरण में प्रदूषण एयर क्वालिटी इंडेक्स बढ़ता है और सांस लेना दूभर हो जाता है तो उसके समाधान के लिए उच्चतम न्यायलय ग्रेप 4 के सख्त प्रावधान लागु कर देता है ताकि इस प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके।नरेन्द्र विवेक ने कहा लेकिन यदि यह प्रदूषण मानसिक हो अर्थात काम,क्रोध, लोभ ,मोह,ईर्ष्या,द्वेष,स्वार्थ,अहंकार जैसी कलुषित भावनाओं से पैदा प्रदूषण को दूर करने के उपाय आर्य वैदिक सिद्धांतो से ही निकलते हैं।

सामाजिक प्रदूषण में बढ़ता अंधविश्वास पाखंड कुरीतियों के साथ ही समाज का जातिगत कबीलों में टूटना आदि आते हैं।सामाजिक प्रदूषण को दूर करने के लिए हमें एक हैं तो सेफ हैं या बटेंगे तो कटेंगे जैसे जोड़ने वाले नारों को याद रखना चाहिए।

मुख्य अतिथि आर्य नेता राजेश मेहंदीरता व ओम सपरा ने प्रदूषण के विभिन्न स्वरुपों की चर्चा की द्य परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया गायिका कौशल्या अरोड़ा, कुसुम भंडारी, सुधीर बंसल, सुनीता अरोड़ा, रविन्द्र गुप्ता, उषा सूद आदि के मधुर भजन हुए।

# चौथे दिन कथा वाचक व्यास महाराज ने श्री राम चरित का वर्णन किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा मोहल्ला छीपी वाड़ा स्थित भक्ति सेवा समिति (कमला भवन) में श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक व्यास महाराज ने श्री राम चरित का वर्णन किया। कथा व्यास ने श्री राम,भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न चारों भाइयों की बाल लीलाओं का कथा सुनाते हुए काक भुशुण्डि लीला का वर्णन किया। भगवान शिव का हनुमान के साथ राम दर्शन के लिए अयोध्या आने का प्रसंग सुनाया। मुनि विश्वामित्र द्वारा राम लक्ष्मण को मांगने की लीला वताड़कासुर, मारीच आदि निशाचरों संवाद का वर्णन किया। श्री राम माता जानकी के विवाह लीला को सभी भक्तों ने आनंद पूर्वक सुना। कथा में यजमान मनमोहन शर्मा, रेखा शर्मा, अंकित शर्मा, शिवानी शर्मा, शशांक शर्मा, वैशाली शर्मा, अर्जुन दीक्षित,आध्या दीक्षित, सुधीर गोयल, ,प्रफुल्ल शर्मा, शिवम शर्मा, अशोक गर्ग, ओमकार, सुरेन्द्र गर्ग, सुधा गर्ग, ऊषा, सुरभि व अत्रिश आदि उपस्थित रहे।

# आनंदा डेयरी ने भारत का पहला पनीर स्प्रेड पेश किया-डेयरी में एक स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक नवाचार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। भारत के प्रमुख डेयरी ब्रांडों में से एक, आनंदा डेयरी ने आनंदा पनीर स्प्रेड के रूप में एक अभूतपूर्व नवाचार का अनावरण किया है, जो देश का पहला ऐसा स्प्रेड है जो पूरी तरह से पनीर से बना है। यह लॉन्च स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं को पारंपरिक स्प्रेड के लिए पौष्टिक, प्रोटीन युक्त विकल्प प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आनंदा पनीर स्प्रेड की अवधारणा स्प्रेड की बढ़ती खपत को संबोधित करने के लिए बनाई गई थी, जो अक्सर हाइड्रोजनीकृत वनस्पति तेलों से बनाए जाते हैं। यह देखते हुए कि भारत के युवा (18-35 वर्ष) स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों की कमी के कारण मुख्य रूप से स्वाद के लिए इन उत्पादों का सेवन करते हैं, पनीर स्प्रेड को अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभों के साथ समान भोग प्रदान करने के लिए विकसित किया गया था। आनंदा डेयरी के अध्यक्ष और निदेशक डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने कहा, ꖶहमारा पनीर स्प्रेड नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और भारतीय घरों में उच्च गुणवत्ता वाले, पौष्टिक उत्पाद देने के हमारे जुनून का प्रमाण है। यह स्वास्थ्यवर्धक, स्वादिष्ट है और रोज़मर्रा के नाश्ते में एक अनूठा मोड़ लाता है। यह उत्पाद आनंदा की टीम द्वारा 3 वर्षों से अधिक समय तक किए गए सावधानीपूर्वक शोध और विकास का परिणाम है। प्रत्येक वैरिएंट को डेयरी की समृद्धि को बोल्ड, रोमांचक स्वादों के साथ संयोजित करने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है। पूरी तरह से पनीर से बना, आनंदा पनीर स्प्रेड 100त्न शुद्ध डेयरी उत्पाद है। प्रोटीन की शक्ति से भरपूर, यह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक पौष्टिक विकल्प भी है। यह हाइड्रोजनीकृत तेलों से भी मुक्त है, जो इसे बाजार में अन्य स्प्रेड की तुलना में बेहतर विकल्प बनाता है। आनंदा पनीर स्प्रेड विभिन्न स्वादों को पूरा करने के लिए चार स्वादिष्ट प्रकारों में उपलब्ध है-पंची पेपर- यह उनके लिए एकदम सही जो तीखेपन के शौकीन हैं।

जलेपीनो- एक खट्टा विकल्प, जिसमें हल्की तीखापन भी शामिल है। रेड चिली फ्लेक्स- जो तीखे स्वाद के शौकीन हैं, उनके लिए एक दमदार विकल्प। क्लासिक- चिकना, मलाईदार और सार्वभौमिक। आनंदा पनीर स्प्रेड को वर्तमान में चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2024 में प्रदर्शित किया जा रहा है, जहाँ इसका परीक्षण चल रहा है

और यह काफी दिलचस्पी पैदा कर रहा है। आगंतुक इसकी अनूठी अवधारणा, अभिनव स्वाद और स्वास्थ्य पर ध्यान देने की सराहना कर रहे हैं, जो भारतीय बाजार में एक रोमांचक नए उत्पाद के रूप में इसकी क्षमता को मजबूत करता है। आनंदा पनीर स्प्रेड जल्द ही लॉन्च हो रहा है और यह भारत में प्रमुख खुदरा दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगा। प्रेस वार्ता के दौरान राधेश्याम दीक्षित (अध्यक्ष और निदेशक) , श्री सूरज दीक्षित (निदेशक) और श्रीमती सुनीता दीक्षित (निदेशक) की उपस्थिति रही , जिन्होंने आनंदा की नवीनता और उत्कृष्टता की यात्रा में इस मील के पत्थर के महत्व पर प्रकाश डाला।

# भाजपा नेता मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी की सुपुत्री के विवाह समारोह भव्यता से सम्पन्न गणमान्यों ने दिया आशीर्वाद





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

गाजियाबाद। भाजपा महानगर के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी की सुपुत्री डॉक्टर आंचल का विवाह सुमित मलिक संग समारोह स्थल स्टार हेरीटेज बैंक्विट हॉल, राज नगर एक्सटेंशन पर बड़ी धूमधाम और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर समाजसेवियों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, व्यापारी गणों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवमयी बनाया। वर वधु को आशीर्वाद दिया। समारोह में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद्र तोमर, पूर्व सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश सिरोही, कृष्ण वीर चौधरी, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा कैप्टन विकास गुप्ता सांसद अतुल गर्ग पूर्व महापौर आशु वर्मा महापौर सुनीता दयाल विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा विधायक अजीत पाल त्यागी , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा चौधरी राजा वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पृथ्वी सिंह कसाना, चौधरी बृजपाल सिंह तेवतिया, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री महामंत्री अशोक मोंगा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, सरदार एसपी सिंह, अमर दत्त शर्मा, राजेन्द्र त्यागी, पवन गोयल, अनिल स्वामी, सूदन रावत, पुष्पेंद्र रावत, राहुल चौधरी डैनी, सतेन्द्र चौधरी, कुलदीप चौहान प्रतिनिधि पूर्व केंद्रीय मंत्री जरनल वीके सिंह, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, संदीप त्यागी, बॉबी त्यागी,संजय रावत, अश्वनी शर्मा, धीरज शर्मा, रमेश चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, देवेंद्र चौधरी, ज्ञानेन्द्र मलिक प्रधान, धीरज सिरोही प्रधान, मनबीर नागर, प्रवीण चौधरी, पप्पू नागर, राजकुमार चौधरी, राजेंद्र कुमार , कपिल त्यागी, रूद्र प्रताप त्यागी, सुधीर पगड़ी, पत्रकार महकार सिंह, दीपक सिरोही, अशोक शर्मा, रालोद नेता अमरजीत सिंह बिट्टी, कांग्रेस नेता डॉक्टर संजीव शर्मा, चेतन यादव, समाजवादी नेता अभिषेक गर्ग, व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता, राजू छाबड़ा, सुशील चौधरी, विवेक त्यागी, सुधीर कांत शर्मा, रितेश शर्मा, अजय सिंघल, लवलेश गर्ग, परमानंद सिंघल, राजीव अग्रवाल, संजय लाहौरिया, विशाल जैन, संजय प्रधान, समीर शर्मा, अशोक भारतीय, अशोक अग्रवाल सुहेलदेव, शैलेन्द्र सक्सैना,रनिता सिंह, मीना भंडारी, रेनू चंदेला, रूबी अग्रवाल, सिमरन रंधावा, प्रतीक माथुर प्रियंका प्रियदर्शिनी सहित भाजपा नेता एवं अन्य गणमान्यों ने पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया और प्रदीप चौधरी को बधाई दी।

समाचार पत्र परिवार की ओर से सौ0 आंचल एवं चि0 सुमित को उनके वैवाहिक जीवन में सुख समृद्धि के आशीर्वाद के साथ भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी और उनके परिवार को वैवाहिक समारोह की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# डीजे डेंटल मेडिकल हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क डेंटल मेडिकल कैंप लगाया गया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । मोहल्ला आदर्श नगर कॉलोनी दस्तोंई रोड स्थित ग्राम जसरुप नगर सुन्दर पूर्व सभासद की चक्की पर डीजे डेंटल मेडिकल हॉस्पिटल निवाड़ी रोड मोदीनगर की तरफ से डेंटल मेडिकल कैंप लगाया गया जिसमें लगभग 191 लोगों ने अपने दांतों का चेकअप और मेडिकल चेकअप कराया लगभग 50 लोगों का इलाज जिसमें दांतों की सफाई दातों में मसाला भरना वह साथ के साथ मोबाइल डेंटल बन में ही किया गया डीजे डेंटल मेडिकल हॉस्पिटल समय-समय पर लोगों को डेंटल मेडिकल की सुविधा प्रदान करता है कैंप मौजूद डॉक्टर की टीम में। डॉ. छवि डॉक्टर सिमरन डॉक्टर मोहित त्यागी डॉ शशिकांत,शमा,साय मा,शाश्वती,रूबी परविंदर आदि मौजूद रहे ।

# राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना से पुलिस महकमे में मचा हड़कंप,



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा छिजारसी टोल प्लाजा पर सांसद राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के संभल जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन दूसरे दिन भी पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड रहा। इस दौरान अधिकारियों ने केरल के पांच सांसदों को छिजारसी टोल प्लाजा पर रोक लिया। लगभग आधा घंटा चली सांसदों व अधिकारियों की वार्ता के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया। पिछले दो दिनों से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के संभल जाने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिल रही थी। जिस पर दो दिनों से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी छिजारसी टोल प्लाजा पर डेरा डाले हुए है। इसी कड़ी में बुधवार की दोपहर दो कार सवार केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राज्य सभा सांसद पीवी अब्दुल बहाव, हैरिस बीरन तथा सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, एकेए अब्दुल समद, नवास गनी संभल जाने के लिढ जैसे ही छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचे पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान उन्होंने संभल जाकर माहौल को परखने के लिए जाने की बात अधिकारियों से कही। जिसके बाद सांसदों व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की सड़क किनारे लगभग आधा घंटा वार्ता हुई। जिसके बाद सभी सांसद वापस लौट गए। वहीं राहुल व प्रियंका के लिए पुलिस बल अभी भी मौके पर मौजूद है।

# जीएस विश्वविद्यालय ने 76वें अंतर्राष्ट्रीय संविधान दिवस आयोजित किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। पिलखुवा जीएस यूनिवर्सिटी ने भारतीय संविधान और इसके वास्तुकार बाबासाहेब आंबेडकर के सम्मान में एक छात्र संगोष्ठी का आयोजन करके अंतर्राष्ट्रीय संविधान दिवस का जश्न मनाया। जिसमें छात्रों ने भाषण देकर भाग लिया एवं संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र के महत्व की गहरी समझ पैदा करना था। छात्रो के अभिभाषण सत्र में संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उपनिदेश मनोज शिशोदिया ने कहा कि आज 75वें संविधान दिवस के अवसर पर हम सभी एकत्र हुए हैं। आज के दिन 1949 में, भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, जिसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी। संविधान दिवस न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूल मूल्यों की याद दिलाता है जो राष्ट्र की नींव बनाते हैं।

संविधान सभी देशवासियों को समान अधिकार, समान अवसर व मौलिक अधिकार देता है। भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। जीएस यूनिवर्सिटी भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत के बारे में जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देना और भविष्य के लिए जिम्मेदार नागरिकों का पोषण करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखेगी।

इस मौके पर चिकित्सा निदेशक डॉ रूपाली शर्मा, डीन डॉ प्रदीप गर्ग, चिकित्सा अधिकक्षक डॉ सुरेन्द्र कुमार, अस्पताल प्रशासक शिवनंद सिंह, सभी छात्र व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लेखपाल व इंजीनियरों के घरों में हुई बड़ी चोरी, शोरूम से कपड़ा और नकदी



नोएडा । चोरों ने दो थाना क्षेत्रों में रहने वाले लेखपाल व इंजीनियरों के घरों से जेवरात, नकदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन आदि चोरी कर फरार हो गए है। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना फेस-तीन में इंजीनियर अभिषेक गुप्ता पुत्र नंदलाल गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अतर होम्स पीजी एंड गेस्ट हाउस सेक्टर-66 मामूरा में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार रात को वह अपने मित्र शुभम के घर पर सोने चले गए थे। जब वह सुबह पीजी में लौटकर आए तो उन्होंने देखा कि उनकी पीजी का दरवाजा खुला है। अज्ञात चोरों ने वहां रखा हुआ बैग चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार बैग में लैपटॉप, मोबाइल फोन, 5 हजार रुपए नकद और अन्य सामान रखा हुआ था। इसी थाने में इंजीनियर राकेश कुमार पुत्र विजयपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-70 स्थित एक अपार्टमेंट में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोरों ने उनके कमरे से दो लैपटॉप, एक हजार रुपए नकद और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। थाना सूरजपुर में लेखपाल पुष्पेंद्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दादरी तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है कि लखनावली स्थित उनके घर की दो अलमारी में सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। अज्ञात चोरों ने उनके घर से आभूषण चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार उनके घर से चोरों ने एक सोने का हार, 8 सोने के कंगन, एक सोने की नथ, दो सोने के ओम, एक हीरे की अंगूठी, दो जोड़ी सोने की झुमकी, दो सोने के मंगलसूत्र, तीन सोने की चेन, 9 सोने की अंगूठी, एक सोने की हसली, सोने के 3 लॉकेट तथा चांदी के हाथ फूल, चार तगड़ी, चांदी की चप्पल, 11 जोड़ी पायल, 50 हजार रुपए नकद आदि चोरी कर लिया है। इसके अलावा थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-61 स्थिति एक शोरूम से अज्ञात बदमाशों ने कपड़े और करीब 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया। दुकानदार ने अपने दुकान पर काम करने वाली एक लड़की और तीन अज्ञात लोगों पर चोरी का शक जाहिर करते हुए घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

# यमुना प्राधिकरण पर कल से संयुक्त किसान मोर्चा देगा धरना, 2 दिसंबर को दिल्ली की तैयारी

नोएडा । किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का तीसरे दिन भी धरना ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर जारी रहा। 28 नवंबर से यह धरना यमुना प्राधिकरण पर चलेगा। 2 दिसंबर को अपनी मांगों को लेकर किसान दिल्ली कूच करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल विभिन्न किसान संगठन इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉक्टर रुपेश वर्मा, सुखबीर खलीफा, पवन खटाना, सोरन प्रधान, डॉ विकास, सुनील फौजी, अनिल तालान, अंशुमान ठाकुर, हरवीर नागर, जितेंद्र भाटी सहित अन्य किसान नेताओं ने बताया कि किसान आंदोलन के दबाव के कारण केंद्र सरकार ने तीन काले कानून वापस लिए थे। अब संयुक्त किसान मोर्चा के सभी 10 घटक संगठनों ने 10 फीसदी आबादी प्लॉट, नये भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभों को लागू करने एवं हाई पावर कमेटी द्वारा दी गई सकारात्मक सिफारिशों को तुरंत लागू करने की मांग को दोहराते हुए यह धरना शुरू किया है। उन्होंने बताया कि यह धरना 28 तारीख को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से चलकर यमुना प्राधिकरण पर पहुंचेगा। यमुना प्राधिकरण पर महापड़ाव 1 दिसंबर तक रहेगा। 2 दिसंबर को दिल्ली कूच की तैयारी चल रही है। किसान नेताओं ने कहा कि किसान इस बार आर-पार की है। इस बार जीत कर ही दम लेंगे। सरकार के पास 1 दिसंबर तक का वक्त है। सरकार इस पर फैसला ले। 10 फीसदी आबादी प्लाट का मसला वर्षों से लंबित है। सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट के आधे आदेश 64 परसेंट मुआवजा को मान लिया गया जबकि 10 फीसदी के प्लाट के लाभ से किसानों को आज तक वंचित रखा गया है। यह किसानों के साथ नाइंसाफी व वादा खिलाफी है। जब तक जिले में अन्याय कायम है शांति संभव नहीं है। मुद्दा साढ़े तीन लाख किसानों से संबंधित है।

# दो थानों में दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा, पुलिस जांच में जुटी

नोएडा । जनपद गौतमबुद्ध नगर में रहने वाली दो विवाहिताओं ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थानों में मुकदमा दर्ज करवाया है। एक मामले में महिला ने पति और ननद पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महिला थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। दूसरे मामले में थाना दादरी में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी के पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया। गाली-गलौज कर मारपीट तथा गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार महिला थाने में हिमानी नामक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी 12 दिसंबर 2017 को महाराष्ट्र नागपुर निवासी एकनाथ वैद्य के साथ गाजियाबाद के मुरादनगर में हुई थी। आरोप है कि शादी से पहले ही आरोपी ने उनसे छह लाख रुपये का लोन कराया और शादी में खर्च के लिए अलग से नौ लाख रुपये और जेवरात लिए। आरोपियों ने पीड़िता के प्रोविडेंट फंड से 80 हजार रुपये भी निकलवा लिए। शादी के चंद दिन बाद ही आरोपी पति ने महिला को मारना पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता रिश्ता बचाने के लिए सबकुछ सहती रही। पीड़िता का कहना है कि छोटी-छोटी बातों पर आरोपी ने उनके साथ बाथरूम में मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि 17 अगस्त 2023 को पति बैंकाक गया है और वहां से गले के तीन हार खरीदकर लाया है, लेकिन हार किसके लिए लाया है, यह नहीं बताया। पीड़िता के मुताबिक आए दिन आरोपी रुपयों की मांग करता है। पीड़िता ने ननद हेमा पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके अलावा थाना दादरी में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी के पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया। गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट की। थाने में वीरेंद्र कसाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बेटी पूजा की शादी 23 नवंबर वर्ष 2023 को मनीष बैसला पुत्र यशपाल निवासी शिव वाटिका थाना दादरी के साथ हुई थी। पीड़ित के अनुसार शादी के समय से ही उसकी बेटी के साथ ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए लगातार उत्पीड़न कर रहे हैं। दहेज की मांग पूरी ना होने पर उक्त लोगों ने बेटी के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की नियत उसका गला दबाया। आसपास के लोगों ने उसकी बेटी की जान बचाई। पीड़ित की शिकायत पर थाने में बेटी के पति मनीष बैसला, सास कुसुम सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# ऑटो रिक्शा चालक को किराया पेमेंट कर रहे युवक से बदमाशों ने लूटा मोबाइल फोन

नोएडा । नोएडा शहर में पुलिस से बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 के पास एक युवक का कीमती मोबाइल फोन सरेशाम लूट लिया। युवक अपनी पत्नी के साथ ऑटो रिक्शा में सवार होकर सेक्टर-62 पहुंचा था। जब वह अपने मोबाइल से पेमेंट कर रहा था, तभी बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दे दिया। मोबाइल फोन लूट जाने की वजह से युवक ऑटो रिक्शा चालक को आनलाइन पेमेंट भी नहीं कर पाया। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-58 में प्रशांत कुमार पुत्र राजकुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी पत्नी अनुजा कुमारी के साथ ऑटो रिक्शा में सवार होकर सेक्टर-62 किसी काम से गया। एरिक्सन ऑफिस के बाहर वह ऑटो रिक्शा वाले को अपने मोबाइल फोन से किराये का पेमेंट कर रहा था, तभी बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उसका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित के अनुसार उसने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वे भाग गए। प्रशांत कुमार के अनुसार बाइक पर नंबर भी नहीं था। दोनों बदमाश हेलमेट लगाए हुए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बाइक सवार बदमाशों की तलाश कर रही है।

# अडानी को गिरफ्तारी से बचा रही है मोदी सरकार –राहुल



नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उद्योगपति अडानी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है। श्री गांधी ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा जाहिर है, अडानी उन पर लगे आरोपों से इनकार करेंगे। मुद्दा यह है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए, जैसा कि हम कह रहे हैं। उन्होंने कहा सैकड़ों लोगों को मामूली आरोपों के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है। अडानी पर अमेरिका में हजारों करोड़ रुपये का आरोप लगाया गया है। उन्हें जेल में होना चाहिए लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है।

# केंद्र ने पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए खर्च किए 3,623 करोड़ रुपये



नई दिल्ली । देश की केंद्र सरकार ने 2018 से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली प्रबंधन पर 3,623.45 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में यह जानकारी दी। पंजाब को सबसे अधिक 1,681.45 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसके बाद हरियाणा को 1,081.71 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। निचले सदन में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश को 763.67 करोड़ रुपये, दिल्ली को 6.05 करोड़ रुपये और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को 83.35 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने निचले सदन को बताया कि इस राशि का उपयोग पराली प्रबंधन मशीनरी को सब्सिडी देने और पराली जलाने पर रोक लगाने और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) स्थापित करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि तीन लाख से अधिक मशीनें वितरित की गई हैं, जिनमें 4,500 बेलर और रेक शामिल हैं। सरकार ने प्लांट की क्षमता के आधार पर पेलेटाइजेशन (फसल अवशेषों को जैव-कोयले में परिवर्तित करना) प्लांट के लिए 1.4 करोड़ रुपये और टॉरफिकेशन प्लांट के लिए 2.8 करोड़ रुपये तक देने की जरूरत को समझा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक ऐसे प्लांट के लिए 17 आवेदनों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 15 से सालाना 2.70 लाख टन धान के भूसे को संसाधित करने की उम्मीद है। फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की खरीद को समर्थन देने और दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना को लेकर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने 2018 में एक योजना भी शुरू की थी। 2023 में, मंत्रालय ने फसल अवशेष/धान के भूसे की सप्लाई चेन स्थापित करने के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए योजना के दिशा-निर्देशों को संशोधित किया, जिससे मशीनरी और उपकरणों की पूंजीगत लागत के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य प्राधिकरणों और इसरो, आईसीएआर और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) जैसी एजेंसियों के साथ मिलकर सरकार ने फसल अवशेष जलाने की समस्या से निपटने के लिए एक कार्य योजना शुरू की है। खेतों में सीधे फसल अवशेषों का प्रबंधन करने के लिए सरकार ने फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनरी आवंटित की है, जो धान के भूसे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक है। सरकार ने कंबाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) के उपयोग को भी अनिवार्य कर दिया है, जो भूसे को काटकर खेतों में समान रूप से फैला देता है, जिससे जलाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसके अतिरिक्त, आईएआरआई द्वारा विकसित बायो-डीकंपोजर के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि धान के भूसे को प्राकृतिक रूप से विघटित किया जा सके, जिससे यह एक मूल्यवान फर्टिलाइजर में बदला जा सके।

# सड़क किनारे महिला का शव मिला, हत्या की आशंका

ग्रेटर नोएडा । सेक्टर ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे महिला का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि किसी ने हत्या कर शव को यहां लेकर फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक कोफोर्ज कंपनी के समीप सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा मिला है। महिला की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है। महिला के शरीर पर कोई चोट का निशान भी नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। महिला की पहचान कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिये स्थगित



नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण बुधवार को लोक सभा की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। आज दोपहर 12 बजे सदन के पुनः समवेत होते ही समाजवादी पार्टी (सपा) और अन्य विपक्षी सदस्य संभल में हुई हिंसा के विरोध में शोरशराबा और नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्य शोरगुल करते हुये सदन के बीचोबीच आ गये और 'संभल के हत्यारों को फांसी दो, फांसी दो' नारे लगाने लगे। कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदपवार) और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य भी इस दौरान अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर सपा सदस्यों की नारेबाजी का साथ दे रहे थे। इस बीच, पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। श्री सैकिया ने शोरशराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने देने का बार-बार आग्रह किया लेकिन विपक्षी सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को उनकी बात कहने का मौका दिया जायेगा, वे अपने-अपने स्थान पर जायें और सदन की कार्यवाही चलने दें। सदन का समय बहुत कीमती है और सारा देश इसे देख रहा है। हंगामा जारी रहने पर श्री सैकिया ने सदन की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी। इससे पहले आज पूर्वाह्न 11 बजे सदन के समवेत होते ही अडानी मामले में बहस कराने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा में आज प्रश्नकाल नहीं चल पाया और सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गयी। अध्यक्ष ओम बिरला ने पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू करने की घोषणा की और भारतीय जनता पार्टी के अरुण गोविल को प्रश्न पूछने के लिये पुकारा। इसी बीच विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच जमा हो कर अडानी मामले में तुरंत चर्चा की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

शोरगुल के बीच रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर दिया, लेकिन शोरशराबा बढ़ गया। अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि वे प्रश्नकाल चलने दें। इसके बाद उनके मुद्दे पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि विपक्ष नियोजित तरीके से सदन को चलने नहीं देना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

# पेंशनधारियों को जारी किए गए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्रों की संख्या रिकॉर्ड 1 करोड़ के पार



नई दिल्ली । पेंशनधारियों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू किए गए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्रों (डीएलसी) की संख्या ने अभियान डीएलसी 3.0 के तहत एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में यह जानकारी दी। कार्मिक,लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, 卐यह मील का पत्थर बुजुर्ग नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा और पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को पूरा करेगा, जैसा कि उन्होंने पिछले रविवार को मन की बात के हालिया एपिसोड में व्यक्त किया था। मन की बात के 116वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा था, अब डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा मिलने से चीजें बहुत सरल हो गई हैं; बुजुर्गों को बैंक जाने की जरूरत नहीं है। बुजुर्गों को तकनीक के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। बुजुर्गों को तकनीक के प्रति जागरूक बनाने जैसे प्रयासों से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र पाने वालों की संख्या 80 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। इनमें से 2 लाख से ज्यादा ऐसे बुजुर्ग हैं जिनकी उम्र 80 साल से भी ज्यादा हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए पीएम मोदी का विजन डीएलसी अभियान 3.0 के सफल क्रियान्वयन के जरिए साकार हो रहा है। सभी प्रमुख हितधारक - पेंशन वितरण करने वाले बैंक, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, रक्षा लेखा महानियंत्रक, रेल मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, डाक विभाग, आईपीपीबी, यूआईडीएआई और पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन पेंशनधारियों के डिजिटल सशक्तिकरण के विजन को साकार करने के लिए पूरी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने पेंशनधारियों के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया सेंटर से राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 3.0 का शुभारंभ किया। डीएलसी अभियान 3.0 एक से 30 नवंबर तक देश भर के 800 शहरों और कस्बों में आयोजित किया जा रहा है। 1 से 25 नवंबर तक 1,984 शिविर आयोजित किए गए हैं और देश भर में 1.8 लाख डाकियों को तैनात किया गया है। डीएलसी अभियान 3.0 के तहत फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जमा किए गए डीएलसी में 202 गुना वृद्धि हुई है। इस अभियान के तहत दिल्ली में 3, बेंगलुरु और हैदराबाद में 1-1 मेगा कैंप आयोजित किए गए हैं। शिविरों के दौरान पेंशनभोगियों और पेंशनभोगी कल्याण संघों ने बताया कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र का विकास पेंशनधारियों, विशेष रूप से वृद्ध, विकलांग और अस्पताल में भर्ती लोगों के लिए जीवन को आसान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# अरविंद केजरीवाल ने सफाई कर्मचारियों को किया अपने घर चाय पर आमंत्रित



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए सभी कार्यकर्ताओं और आम आदमी पार्टी से जुड़े सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा है कि हर एक दिन संघर्ष के साथ बीता और अब पार्टी यहां तक पहुंच चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, 2012 में आज का ये दिन इतिहास का वो पल है, जब देश के आम आदमी ने अपनी ताकत पहचानी और आम आदमी पार्टी की स्थापना की। अब तक का हमारा ये सफ़र संघर्ष, बलिदान और जीत की कहानियों से भरा रहा। पिछले एक साल में तो हमें मिटाने की लाख कोशिशें हुईं, लेकिन हमारी ईमानदारी, जनता के प्यार और कार्यकर्ताओं के हौसले ने हमें और मजबूत बना दिया। हम अन्याय और तानाशाही के खिलाफ पहले से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र बचाने की हमारी ये लड़ाई जारी रहेगी। आइए, पार्टी के इस स्थापना दिवस पर देश को और बेहतर बनाने का संकल्प लें। जय हिंद। अरविंद केजरीवाल ने संविधान दिवस की भी सबको बधाई देते हुए कहा, संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं, ये हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान निर्माताओं के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। हमारा संविधान हमारी पहचान है, और इसे बचाना हमारा धर्म। सभी देशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। आम आदमी पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएँ।

12 साल पहले शुरू हुई इस क्रांति ने करोड़ों लोगों के दिलों में काम की राजनीति के ज़रिए उम्मीद और बदलाव का सपना जगाया और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में इस सपने को पूरा किया जा रहा है। 12 साल का यह सफर आसान नहीं था। हर दिन एक नई चुनौती आई लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत, विश्वास और जनता के प्यार से हम आगे बढ़ते रहे।

आइए इस स्थापना दिवस पर संकल्प लें कि, आम आदमी को बेहतर जिंदगी देने की इस क्रांति को देश के हर हिस्से में पहुंचाएंगे और भारत को दुनिया का नंबर.1 देश बनायेंगे।

# न्यू नोएडा के लिए 1 हजार करोड़ रिजर्व, स्टाफ की जल्द होगी पोस्टिंग, सैटलाइट इमेज से तस्वीर होगी साफ

नोएडा । न्यू नोएडा मास्टर प्लान अप्रूव हो चुका है। जमीन अधिग्रहण के लिए 1000 करोड़ रुपए रिजर्व किए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण के स्वीकृत पदों से ही डीएनजीआईआर के गठित सेल में स्टाफ को पोस्ट किया जाएगा। ताकि समय से न्यू नोएडा को बसाने की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। नोएडा प्राधिकरण न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर) का नोडल है। ऐसे में अधिग्रहण से लेकर नया शहर बसाने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। नोएडा और न्यू नोएडा यानी डीएनजीआईआर में प्लाट काटने , प्लान्ड सिटी बसाने के लिए यहां कुल 43 पद स्वीकृत हैं। इसमें से महज 5 पद पर ही अधिकारी नियुक्त हैं। 38 पद खाली हैं।

ऐसे में डीएनजीआईआर का काम बाधित हो रहा है। बता दें प्लानिंग विभाग का काम अर्जित भूमि पर नक्शा बनाना, प्लाट काटना और योजनाओं को खसरे के अनुसार सुपर इंपोज करना है। न्यू नोएडा में सबसे पहले जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया की जाएगी। यहां किसानों से आपसी सहमति से जमीन खरीदी जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण के भू लेख के साथ सलाहकार कंपनी भी मदद करेगी। हालांकि स्टाफ की कमी के चलते ये काम धीमी गति से चल रहा है। वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण में भू लेख विभाग में 24 पद स्वीकृत हैं। इन सभी पद को मिलाकर कुल 9 अधिकारी ही नियुक्त हैं। 17 अब भी खाली हैं। जबकि बिना इन अधिकारियों का जमीन अधिग्रहण करना मुश्किल है। न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। यहां आपसी सहमति के आधार पर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए सैटेलाइट सर्वे किया जा रहा है। जिसमें सभी फेज की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसी निर्माण के अनुसार ही आबादी की जमीन का निर्धारण किया जाएगा। क्योंकि प्राधिकरण ने अक्टूबर 2024 में न्यू नोएडा की अधिसूचित करीब 209 वर्ग किमी के एरिया में निर्माण पर रोक लगा दी है। प्राधिकरण ने बताया कि न्यू नोएडा के पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की जाएगी।



# जेवर एयरपोर्ट के पास धोखाधड़ी कर करोड़ों की जमीन बेची इनामी जावेद गिरफ्तार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

नोएडा में ऑफिस खोलकर जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-63 पुलिस अब तक इस मामले में 19 लोगों पर कार्रवाई कर चुकी है। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। करोड़ों रुपये की जमीन बेची पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी की पहचान जावेद के रूप में हुई है। उस पर 10 हजार का इनाम था। संयुक्त टीम ने जावेद को दुर्गा चौक सूरजपुर के पास से गिरफ्तार किया। दरअसल, जावेद ने सचिन भाटी और 16 अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित को जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन दिखाई और फर्जी दस्तावेज दिखाकर जमीन बेच दी। करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस मामले में 6 दिसंबर 2023 को सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद से पुलिस लगातार जावेद की तलाश कर रही थी। वांछित होने के कारण पुलिस ने उस पर 10 हजार का इनाम रखा था। ऐसे लगाया चूना दरअसल इन लोगों ने पीड़ित को एयरपोर्ट के पास एक जमीन दिखाई थी। बताया गया कि इस जमीन पर अभी कब्जा नहीं हुआ है। साथ ही किसान से सीधा सौदा करने की बात कही। जिसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर पीड़ित को दिखाए। उसे झांसे में लेकर इन लोगों ने पीड़ित से करोड़ों रुपये हड़प लिए।

पीड़ित जब प्लॉट पर कब्जा लेने गया तो उसे जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित ने आरोपियों से पैसे मांगे। आरोपियों ने न तो पैसे लौटाए और न ही जान से मारने की धमकी दी। 19 लोगों पर हुई कार्रवाई पीड़ित ने सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया। जिसके बाद जांच में अज्ञात और जावेद समेत 16 लोगों का नाम सामने आया। इसमें जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि जांच में अब तक 19 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी हैं।

# आग लगने से तीन लोगों की मौत के मामले में फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नोएडा । थाना बीटा- दो क्षेत्र में सोफा बनाने वाली एक फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह आग लगने से तीन लोगों की जल कर मौत होने के बाद मृतकों के परिजन ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि थाना बीटा- दो क्षेत्र के साइट- 4 में स्थित सोफा बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार की सुबह आग लग गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर तीन लोग मृत मिले जिनके नाम गुलफाम (23 वर्ष), मजहर आलम (29 वर्ष) तथा दिलशाद (24 वर्ष) हैं। सिंह के अनुसार, जांच के दौरान पता चला कि यह फैक्ट्री कोरोना काल से बंद थी और फैक्ट्री के मालिक ने गुलफाम, मजहर आलम तथा दिलशाद को एक कोने में सोफा रिपेयरिंग के लिए जगह दे रखी थी। अपर उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में गुलफाम के बहनोई जमाल ने थाना बीटा- दो में मुकदमा दर्ज करवाया है

जिसमें उसने आरोप लगाया है कि यह घटना फैक्ट्री मालिक की लापरवाही के चलते हुई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसका साला गुलफाम अपने साथी दिलशाद और मजहर आलम के साथ सोफा बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। पीड़ित का आरोप है कि 26 नवंबर को सुबह फैक्ट्री में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। उसने फैक्ट्री के मालिक पर आरोप लगाया कि उन्होंने समुचित सुरक्षा व्यवस्था नहीं की थी, जिसके चलते यह घटना हुई।

सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 289 और 106 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# संभल घटना पर बोले भूपेंद्र चौधरी, दो परिवारों के वर्चस्व की लड़ाई, सपा कर रही है भड़काने का काम



लखनऊ । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने संभल में हुए बवाल पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह दो परिवारों के राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में समाजवादी पार्टी भड़काने का काम कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर एक टीम सर्वे करने गई थी। इस पर सपा के नेताओं द्वारा वहां के लोगों को भड़काकर टीम पर पथराव किया गया। इससे माहौल खराब हुआ है। यह दो परिवारों के वर्चस्व की लड़ाई है। उन्होंने कहा, गहनता से इस पर जांच हो रही है और दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। जिन्होंने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। उस पर विधि सम्मत कार्यवाही होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज संगठन महापर्व 2024 की दूसरी कार्यशाला है। हम सब अपनी स्थानीय समिति के बूथों को गठन करने के अंतिम चरण के काम में पहुंचे है। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान को भी हमने पूरा किया। इस चरण में मंडल स्थल के गठन और जिले स्थल की गठन की प्रक्रिया का गठन किस प्रकार करना है, उसकी चर्चा हम करेंगे।

दिसंबर माह में मंडल गठन की प्रक्रिया पूरा करेंगे। अगले माह में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बीते दिनों शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण के दौरान हुए बवाल के बाद पत्थरबाजों और उपद्रवियों की तलाश जोरों पर हो रही है। इसके साथ ही हिंसा करने वालों पर यूपी सरकार ने सख्ती बरतने की बात कही है। पत्थरबाजों और उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक रूप से लगाए जा सकते हैं। इसके साथ ही नुकसान की उपद्रवियों से वसूली की जा सकती है। जरूरी हुआ तो उपद्रवियों पर इनाम भी घोषित हो सकता है।

# संपूर्ण ब्रज मंडल श्रीराधा-कृष्ण का ही स्वरूप -आचार्य विपिन बापू महाराज

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



वृन्दावन। श्रीराधा कृष्ण प्रेम संस्थान के द्वारा ठाकुर श्रीराधा माधव भगवान की कृपा एवं निकुंजवासी भक्तिमती पद्मा बाई बुआजी की पावन स्मृति में चल रहे ग्यारहवें सप्त दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा महोत्सव के चौथे दिन देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं ने आचार्य विपिन बापू महाराज के सानिध्य में प्राचीन मघेरे वाले हनुमान मंदिर, बहुलवान (बाटी), श्रीराधा रानी की ननिहाल (मुखराई), मुखरा देवी मन्दिर, सप्त कोसी गिरिराज परिक्रमा, चन्द्र सरोवर, सूरदासजी की तपोस्थली, श्याम ढाक, निंबार्काचार्य भगवान की तपोस्थली, नीमगांम एवं गरुण गोविंद मन्दिर आदि स्थानों के दर्शन किए।इसके अलावा गिरिराज शिला का पंचामृत से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य-पूजन अर्चन किया। संयोजक व प्रख्यात भागवताचार्य विपिन बापू महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को ब्रज भूमि की महिमा बताते हुए कहा कि चौरासी कोस में फैले संपूर्ण ब्रज मंडल का उद्भव श्रीराधा रानी की इच्छा से भगवान श्रीकृष्ण के हृदय से हुआ है।इसीलिए इस दिव्य भूमि को श्रीराधा-कृष्ण का ही स्वरूप माना गया है।इसकी परिक्रमा व उपासना करने वाले व्यक्ति की सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। ब्रज 84 कोस दर्शन यात्रा में श्रीमती उर्मिला-मदन लाल सिंघल (काठमांडू), श्रीमती नीता देवी सिंघल, श्रीमती पूर्णिमा देवी दासी (वृन्दावन), श्रीमती ममता शर्मा, श्रीमती प्रेम सुधा भदौरिया, श्रीमती पूजा शर्मा (कोलकाता), श्रीमती गीता भरतिया, श्रीमती रेणुका-मनमोहन अग्रवाल (वाराणसी), श्रीमती सब्बू-सचिन अवस्थी (फर्रुखाबाद), श्रीमती शारदा देवी-गोविन्द राम सरिया (विराटनगर), श्रीमती गोरज देवी-पुरुषोत्तम लाल सर्राबगी (सिलीगुड़ी), श्रीमती पार्वती देवी अग्रवाल (सिक्किम), श्रीमती विजय-कृष्णराव सूद (लुधियाना), श्रीमती ऊषा रानी सूद, श्रीमती शशि सूद (जालंधर), श्रीमती रजिंद्र सूद (अंबाला), श्रीमती राजरानी सूद आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मनाया गया युवा उत्सव

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



गाजियाबाद। नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं युवा कल्याण एवं प्रादेशिक प्रांतीय रक्षक दल के संयुक्त तत्वाधान में आर के जी आई टी एम कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री राकेश गोयल निदेशक आर के जी आई टी एम, नेहरू युवा केंद्र, गाजियाबाद के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार युवा कल्याण विभाग से सौरभ यादव, ब्लॉक ऑफिसर, सर्वेश कुमार एवं ऋचा तिवारी भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत अतिथियों को फ्लॉवर बैज तथा शाल पहना कर सम्मानित किया गया द्य श्री देवेंद्र कुमार उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि के रूप में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम में 6 प्रतियोगिताएं शामिल की जा रही हैं जिनमें साइंस मेला प्रदर्शनी समूह एवं एकल के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत लोक नृत्य समूह एवं लोकगीत समूह के रूप में तथा लोक नृत्य एवं लोकगीत एकल के रूप में प्रस्तुत किए जाएंगे इसके साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता फोटोग्राफी प्रतियोगिता कहानी एवं कविता प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है सरकार की यह मनसा रही है कि युवाओं को गांव देहात से निकालकर जिला स्तर पर जिला स्तर से मंडल स्तर पर मंडल स्तर से राज्य स्तर पर तथा राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जाए । उनको एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए इसके बाद सभी प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।

श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है इसके लिए मैं नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद और युवा कल्याण विभाग को बधाई देती हूं । यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक प्लेटफार्म सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया है ताकि सभी युवा प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग ले और उनको जिले स्तर से मंडल स्तर और मंडल स्तर से राज्य स्तर और राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का मौका मिले। उन्होंने सभी युवाओं से अपील अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति सभ्यता और संस्कारों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उद्घाटन के उपरांत सभी प्रतियोगिताएं अपने-अपने स्थान पर आयोजित की गई। इसमें विज्ञान मेला प्रदर्शनी के ग्रुप घटक के रूप में अंकिता ग्रुप, नैना ग्रुप एवं दीक्षा ग्रुप तथा विज्ञान प्रदर्शनी एकल में आर्यन, कार्तिक, साकेत आनंद ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बादल द्वितीय तालिब तथा तृतीय यशराज ने प्राप्त किया सांस्कृतिक लोक नृत्य समूह में उर्वशी ग्रुप तृप्ति ग्रुप तथा दिव्या ग्रुप ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । लोक नृत्य एकल में काजल, नंदिनी एवं गायत्री ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए ।

पेंटिंग में नंदिनी दिव्यांशु तरुण ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सनोवर खान, तुषार, खुशी ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया । सामूहिक गायन में सिमरन ग्रुप, सरिता ग्रुप तथा संध्या ग्रुप ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कियाद्य । कविता लेखन में आरती खुशी अंकुर ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । कहानी लेखन में नाबिया हरिशंकर तेजस्विनी ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों सभी समसेवकों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित जजों में शैल प्रभा, रेणु, निशा, ओमपाल सिंह, प्रियांशु, दुर्गेश गौतम बनर्जी, अमरसिंह मुक्त वार्ष्णेय राखी विद्वान लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम शर्मा ने किया। श्री तालिब पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, लोनी, सौरभ तोमर, बरखा, शिवा ने अपना सहयोग किया ।

# छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हजरतपुर बुलंदशहर में 41 एनसीसी यूनिट के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




बुलंदशहर। में छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हजरतपुर बुलंदशहर में 41 एनसीसी यूनिट के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

जिसमें विद्यालय के 15 एनसीसी कैडेट ने रक्तदान में भाग लिया जिसमें क्रेडिट प्रशांत शर्मा विकास चौधरी शिवकुमार अक्षय चौधरी अपार शर्मा आदि ने रक्तदान कियाइसके अतिरिक्त टीचिंग स्टाफ से श्रीमान मनोज सिंघल जी ,ललित शर्मा जी एवं दिनेश जी ने रक्तदान में प्रतिभा किया कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग की टीम उपस्थिति रही जिसमें डॉ गोविंद मिश्रा अमित कुमार शर्मा मोहम्मद सरोज मोहम्मद शाहिद इमरान खान नर्सिंग स्टाफ से हरेंद्र कुमार लैब टेक्नीशियन, दो सनम बीएमसी यूनिसेफ ,डॉ सुधीर तेवतिया डीएमसी यूनिसेफ ,डिपार्टमेंट से उपस्थित रहे। 41 एनसीसी यूनिट से सूबेदार मेजर कमलेश तिवारी जी महाराजा अग्रसेन डिग्री कॉलेज स ANO कृष्ण शर्मा जी एवं अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधक श्री मनोज नारायण बेरी जी ने फीता काटकर एवं मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से राम सिंह जी ने टीकाकरण के विषय में विस्तार से एनसीसी कैडेट के समक्ष अपने विषय को रखा इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री मनोज नारायण बेरी जी ने क्रेडिट का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए अपनी सहभागिता का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री रमेश सिंह जी भी उपस्थित रहे।

# संभल हिंसा मामला, तीन महिलाओं समेत 27 आरोपी गिरफ्तार



लखनऊ । संभल हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने बुधवार को तीन महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं पर उपद्रव में शामिल होने का आरोप है। शासन की तरफ से हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश भी दिए जा चुके हैं। अब तक मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरों से मिले वीडियो के आधार पर 100 से ज्यादा आरोपियों को चिन्हित किया जा चुका है। जिनमें से 27 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एसपी कृष्ण कुमार ने कहा, पुलिस पर पथराव करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि किसी निर्दोष के खिलाफ कोई कार्रवाई न हो। हम हिंसा के संबंध में सामने आए वीडियो के आधार पर सभी उपद्रवियों को चिन्हित कर रहे हैं। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने अब तक जितने भी आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उसमें से तीन आरोपी ऐसे हैं, जिनकी आंखों में हरे रंग का लोशन लगा हुआ दिखा। इसे लगाने की पीछे की वजह पूछे जाने पर बताया गया कि इसे लगाने से आंसू गैस का असर बहुत कम पड़ता है। इसके साथ ही योगी सरकार ने दंगाइयों के खिलाफ सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाने के आदेश दिए गए हैं। सरकार की तरफ से कहा गया है कि हिंसा के दौरान हुए नुकसान की भरपाई इन दंगाइयों से ही की जाएगी। बता दें कि 24 नवंबर को उत्तर प्रदेश के संभल स्थित मस्जिद का सर्वे करने पहुंची टीम पर युवकों ने पथराव किया था। उपद्रवियों ने सर्वे का विरोध किया था। इसी दौरान, उन्होंने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिसमें कई लोग घायल भी हो गए थे।

## एक शातिर अभियुक्त को छीने गये कुंडल व अवैध असलहा कारतसू सहित गिरफ्तार किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

शिकारपुर । छतारी में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत छतारी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान कुंडल छीनने की घटना कारित करने वाले एक शातिर अभियुक्त को छीने गये कुंडल व अवैध असलहा कारतसू सहित गिरफ्तार किया गया अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छतारी पर मुअसं-437/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता संजय उर्फ सज्जन पुत्र हजारी लाल निवासी नंगला मान सिंह थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ, बरामदगी का विवरण एक जोडी कुंडल (पीली धातु) एक तमंचा मय एक कारतूस 315 बोर, गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 16/11/2024 को थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सहार के जंगल में एक महिला से कुंडल छीनने की घटना कारित की गयी थी इस सम्बन्ध में थाना छतारी पर मुअसं- 421/24 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत है अभियुक्त संजय उर्फ सज्जन का आपराधिक इतिहास मु.अ.स. 97/16 धारा 380,411 भादवि थाना सासनी गेट जनपद अलीगढ, मु.अ.स. 220/18 धारा 120बी,201,3-02 भादवि थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ, मु.अ.स. 421/24 धारा 304(2) बीएनएस थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर, मुअसं-437/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम संदीप कुमार थानाध्यक्ष छतारी, एस आई रामकुमार राम, अरुण कुमार, गगन कुमार, ।

# नीतीश कुमार के स्वास्थ्य की चिंता हमेशा रहती है -तेजस्वी

पटना । बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सम्मान करते हैं। लेकिन, राजनीतिक तौर उनकी ना तो कोई विचारधारा है, ना कोई नीति है। इसलिए यह साफ है कि इस बात का विरोध करते हैं। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बुधवार को सदन के भीतर नीतीश कुमार का हाल लेते नजर आए। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री इशारे में कुछ-कुछ कहते रहते हैं तो हम लोग भी कुछ-कुछ कहते हैं। तेजस्वी ने वक्फ संशोधन बिल पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को पूरी तरह से असंवैधानिक बताया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बिल को किसी भी हालत में पास होने नहीं देंगे। हमलोगों ने विधानसभा के अंदर भी इस मुद्दे को उठाया है। सरकार का एकमात्र एजेंडा है समाज मे नफरत फैलाना। जिस प्रकार से देश मे नफरत की राजनीति हो रही है, उसके विरोध में हमलोग खड़े रहेंगे। वक्फ बोर्ड वाले मामले पर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कहा कि अगर आप संविधान में विश्वास करते हैं तो इस मामले पर आकर बोलिए और किसी भी हालत में इस बिल का समर्थन मत कीजिए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को अभी भी सदन में इस बिल का समर्थन नहीं कर अपनी गलती को सुधार करने का मौका है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी झूठा बयान दिए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें शर्म से डूब कर मर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी ने किस तरीके से बोल दिया कि राजद सरकार ने आरक्षण नहीं दिया। उन्हें इतिहास पता होना चाहिए की सबसे पहले आरक्षण लालू यादव की सरकार ने दिया। 1978 में जननायक कर्पूरी ठाकुर ने अति पिछड़ों को 12 प्रतिशत और पिछड़ों को आठ प्रतिशत आरक्षण दिया था। उस समय भाजपा के लोग क्या नारा लगाते थे? उन्होंने कहा कि 1990 में जब लालू यादव मुख्यमंत्री बने तब अति पिछड़ों का आरक्षण बढ़ा कर 14 प्रतिशत कर दिया और फिर राबड़ी देवी की सरकार ने अति पिछड़ों का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार जब से बनी तब से कभी आरक्षण नहीं बढ़ाया गया। जब हमारी सरकार यानी नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी तब आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को यह जानना चाहिए कि लालू प्रसाद यादव के कारण बीपी सिंह को गाली सुननी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को शर्म आनी चाहिए। यह झूठ बोल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़ । पंजाब पुलिस ने बुधवार को बताया कि जालंधर में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों पर हत्या और जबरन वसूली समेत कई मामले दर्ज हैं। उनके पास से तीन हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जालंधर पुलिस आयुक्तालय (पुलिस आयुक्त जालंधर) की पुलिस ने जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सहयोगियों का पीछा किया और मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया, ''पीछा करने के दौरान संदिग्धों ने पुलिस पर गोली चलाई जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खिलाफ जबरन वसूली, हत्या सहित शस्त्र अधिनियम और मादक पदार्थ निषेध से संबंधित एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।''

### बंगाल- ममता और संगीतकार मार्सेलो दार्जिलिंग महोत्सव का उद्घाटन करेंगे

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और स्वीडन के रॉक स्टार की. मार्सेलो इस साल 19 दिसंबर को दार्जिलिंग की पहाड़ियों में संगीत की ध्वनियों के साथ चार दिवसीय 'मेलो-टी' महोत्सव के दूसरे संस्करण की शुरुआत करेंगे। संगीत और कला के प्रति अक्सर अपनी रुचि दर्शाने वाली बनर्जी ने हाल में पहाड़ों की अपनी यात्रा के दौरान इस उत्सव का हिस्सा बनने की इच्छा जताई थी। रॉक बैंड 'इजी नेशन' और 'यूरोप' के पूर्व गिटार वादक व गायक, 64 वर्षीय मार्सेलो, महोत्सव के उद्घाटन दिवस पर अपने बैंड 'लाइव' के साथ प्रदर्शन करेंगे। जानकारों ने बताया कि दार्जिलिंग पहाड़ियों के प्रशासनिक निकाय, गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) और दार्जिलिंग पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 'मेलो-टी' उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का मकसद स्थानीय संगीतकारों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के अलावा युवाओं के लिए रोजगार पैदा करना और पर्यटन को बढ़ावा देना भी है। दार्जिलिंग के पुलिस अधीक्षक प्रवीण प्रकाश के अनुसार, इस प्रयास ने क्षेत्र में 'नकारात्मक ऊर्जा' को दूर करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

### उत्तर प्रदेश में डकैती का आरोपी 17 साल बाद महाराष्ट्र से पकड़ा गया

ठाणे । उत्तर प्रदेश, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने ठाणे पुलिस के साथ मिलकर उप्र से डकैती और लूट के 2007 से फरार आरोपी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यहां जबरन वसूली निरोधक प्रकोष्ठ के अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान सतीश बाबूलाल गुप्ता उर्फ सतीश तिवारी के रूप में हुई है। महाराष्ट्र के ठाणे शहर के वागले एस्टेट इलाके में उसका पता चला और सोमवार शाम को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के अलमापुर गांव का निवासी गुप्ता उत्तरी राज्य में डकैती और लूट के दो मामलों में वांछित था। अधिकारी ने बताया कि उप्र एसटीएफ को ठाणे अपराध शाखा के जबरन वसूली निरोधक प्रकोष्ठ के सहयोग से कई स्थानों पर तलाशी अभियान के बाद आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई।

### नवनिर्मित पालीवाल हास्पिटल के उद्घाटन से पूर्व पधारे गणेश महाराज



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। सिकंन्द्राबाद बता दे यूपी के जिला बुलन्दशहर के तहसील सिकन्दराबाद के परशुराम चौक के पास नवनिर्मित पालीवाल हास्पिटल बनकर तैयार हो चुका है जिसका शुभारंभ कल 27 नवम्बर 24 को होने जा रहा है इस उद्घाटन से पूर्व इस हास्पिटल में गणेश जी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आज 26 नवम्बर को बड़े धूमधाम व विधीविधान से करायी गयी। इस अस्पताल के संचालक दिनेश पालीवाल ने बताया की कल 27 नवम्बर 24 को हमारे इस पालीवाल हास्पिटल का उद्घाटन मंत्री द्वारा किया जायेगा इससे पूर्व हमने अपने प्रथम पूजनीय गणेश जी महाराज को अपने हास्पिटल में विराजमान करा दिया जिसकी प्राण प्रतिष्ठा पं यादराम शर्मा द्वारा हमारे निवासी स्थान मुहल्ला छासियाबाडा पर बड़े विधीविधान से करायी गयी ओर उसके गणेश जी महाराज की शोभायात्रा हमारे निवास से चलकर इस हास्पिटल पर सकुशल संपन्न हुई ओर हमारे अस्पताल में विधीविधान से विराजमान हो गये ओर उसके बाद पूजा अर्चना कर आरती वंदन कर प्रसाद वितरण किया गया ओर बताया की
इस हास्पिटल में 30 बैड की सुविधा आई0सी0यू ,एन0आई0सी0यू, मेटेरनेटी सुविधा उपलब्ध होगीं ओर बताया की इस हास्पिटल में कुशल डाक्टरों से सभी बिमारीयों का ईलाज कराया जायेगा। इस मौके पर हास्पिटल के संचालक दिनेश पालीवाल, डा0 सलीम त्यागी, डा0 जुनेद त्यागी, डा0 महराज चौहान, डा0 जफर त्यागी, डा0 संजय कुशवाहा, डा0 बी0के अग्रवाल के अलावा अमित मावी, राजीव गर्ग, यश पालीवाल, देवेंद्र साहनी, डा0 कमल, चिराग पालीवाल, अखिलेश पालीवाल के अलावा नगर के गणमान्य लोगों व परिजन मौजूद रहे।

### वक्फ संशोधन बिल पर राबड़ी देवी ने दी प्रतिक्रिया

पटना । वक्फ संशोधन बिल 2024 को लेकर विपक्ष विरोध कर रहा है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने बुधवार को बात की। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हम लोग मना कर रहे हैं, लेकिन वह लोग शायद ही समझेंगे। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा, क्या आपको लगता है कि ये मुस्लिमों के खिलाफ बिल लाया गया है? इस सवाल के जवाब में राबड़ी ने कहा, वह समझेंगे ना, वह तो बिहार में रहते हैं। हम भी बिहार में रहते हैं। लोग समझेंगे, उनकी पार्टी समझेगी। भाजपा समझेगी। सबको बिहार में ही रहना है। मिथिलांचल राज्य से जुड़े एक प्रश्न पर उन्होंने कहा कि मिथिला राज्य बनाने की मांग आज भी हमने सदन में की है। मिथिला अलग राज्य बनना चाहिए। इधर, कांग्रेस के नेता शकील अहमद खान ने भी वक्फ संशोधन बिल का विरोध करते हुए कहा कि जनता दल (यू ) को यह स्पष्ट करना पड़ेगा। जदयू और इस सरकार ने वक्फ की प्रॉपर्टी पर स्कूल का प्रपोजल रखा हुआ है। कब्रिस्तान की घेराबंदी की है। लेकिन, उनका एक मंत्री पार्लियामेंट में भाजपा की भाषा बोल रहा है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, अल्पसंख्यक प्रोटेक्शन संविधान का एक हिस्सा है। अनुच्छेद 25 से लेकर 30 तक पढ़ा जाए। संविधान दिवस हम लोगों ने कल मनाया है। संविधान की आत्मा में लिखा हुआ है वक्फ की प्रॉपर्टी उसी के अंतर्गत आती है। उसके खिलाफ नीतीश कुमार और उनकी पार्टी को क्या लाभ मिल रहा है। वह पीएम मोद के पाले में जाकर लाभ लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को सदन में आकर बयान देना चाहिए कि उनकी पार्टी का इस मामले में क्या स्टैंड है।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के साथ समीक्षा बैठक की गई




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 आयुक्त महोदया, मेरठ मण्डल, मेरठ / रोल प्रेक्षक जनपद बुलन्दशहर श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0 की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद बुलन्दशहर में प्रथम भ्रमण के संबंध में मा0 सांसद / विधायकगण, समस्त मा0 प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के साथ समीक्षा बैठक की गई। रोल प्रेक्षक महोदया द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक ही परिवार के मतदाताओं का नाम अलग-अलग भाग संख्या में नहीं होना चाहिए। यदि एक ही परिवार के मतदाताओं के नाम अलग-अलग भाग संख्या में पंजीकृत हैं तो उन्हें एक ही भाग संख्या में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। रोल प्रेक्षक महोदया द्वारा समस्त मा0 प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दलों से पूछा गया कि अगर किसी भी राजनैतिक दल की कोई शिकायत हो तो बता सकते हैं, जिसके जवाब में समस्त राजनैतिक दलों द्वारा रोल प्रेक्षक महोदया को अवगत कराया गया कि किसी भी राजनैतिक दल की कोई समस्या नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जो भी कार्य किया जा रहा है उसकी सूचना हमें समय पर उपलब्ध करायी जाती है। हमारे द्वारा जो भी शिकायत होती है अधिकारियों द्वारा समय से उनका निस्तारण किया जाता रहा है। जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह ने रोल प्रेक्षक महोदया को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनपद की मतदाता सूची को पारदर्शिता के साथ तैयार कराई जा रही है, जिससे आगामी चुनाव निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री अभिषेक कुमार सिंह सहित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।